(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

बिग बॉस 15 में नजर आएंगी...8



सोमवार, 20 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 275 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## सरकार के 4.5 साल पूरे होने पर सीएम योगी ने रिपोर्ट कार्ड किया पेश, माफियाओं की 1866 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त, 36 हजार किसानों का कर्ज किया माफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी की तरफ से तैयारियों तेज हैं। इसी क्रम में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा। योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह 11.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड बताया। सीएम योगी ने कहा कि कारोबार की दिशा में यूपी तेजी से आगे बढ़ रहा है। 36 हजार किसानों का कर्ज माफ किया गया। इसके साथ ही प्रदेश की शासन व्यवस्था का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लूट और रेप की घटनाओं में भारी कमी आई है। साढ़े चार सालों के दौरान प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ है। माफियाओं की 1866 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सुरक्षा और सुशासन का जो मॉडल दिया है उसे देश और दुनिया देख रही है और कोरोना प्रबंधन के लिए सरकार के प्रयासों को दुनिया भर में सराहा जा रहा है। योगी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 350 सीटें जीतकर भारी बहुमत से फिर सरकार बनाएगी। अपनी सरकार के साढ़े चार वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए योगी ने कहा कि 24 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों से देश और दुनिया की धारणा को बदला है। पिछली समाजवादी पार्टी की सरकार को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा कि यह



वही उत्त्धर प्रदेश है जहां पेशेवर माफिया सत्ता के संरक्षण में अराजकता और भय फैलाते थे। दंगा प्रदेश की प्रवृत्ति बन गई थी और 2012 से 2017 के बीच हर तीसरे दिन औसतन एक बड़ा दंगा होता था लेकिन साढ़े चार वर्षों में राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ। योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश ने कारोबार में सुगमता में लंबी छलांग लगाई है और जो उत्तर प्रदेश 2016 में 14वें स्थान पर था वही प्रदेश आज दूसरे स्थान पर है। साथ ही कहा कि 2016 में उत्तर प्रदेश देश की छठी अर्थव्यवस्था था लेकिन आज यह देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने आस्ध्था और धार्मिक स्थलों के विकास, राज्ध्य में निवेश, कानून–व्यवस्था और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी अपनी उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि जिस उत्त्धर प्रदेश को देश का विकास अवरुद्ध करने वाला राज्य कहा जाता था वही आज 44 परियोजनाओं में नंबर एक पर चल रहा है। फसलों की खरीद की चर्चा करते हुए मुख्ध्यमंत्री ने कहा, पिछली सरकारों में आढ़तियों के जरिये उपज खरीदी जाती थी लेकिन हमारी सरकार किसानों से सीधे उनकी उपज खरीद रही है।

योगी के वादेः 20000 करोड़ रुपये से सीएम कृषि सिंचाई फंड 4 जिलों के समूह में मिल्क प्रोसेसिंग डेयरी गरीब परिवार की बेटी के लिए 40 हजार रुपये 1 साल में 1.5 लाख पुलिस वालों की भर्ती समूह 3, समूह 4 की नौकरियों में इंटरव्यू खत्म 1000 महिला पुलिस अफसरों का जांच दल 3 महिला पुलिस बटालियन, 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट अवैध पशु कत्लखानों पर पाबंदी 3 साल में हर किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड 120 दिनों में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान

## बाबुल सुप्रियो ने ममता बनर्जी का जताया आभार, बोले- मुझे प्लेइंग 11 में शामिल करने के लिए धन्यवाद

कोलकाता। भाजपा का साथ छोड़ पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी





तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थामने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो ने रविवार को कहा कि जिंदगी ने सार्वजनिक मामलों से "रिटायर्ड हर्ट" (सक्रिय न रहने) होने की आशंका के बजाए उनके लिये एक नया रास्ता खोल दिया है। सुप्रियो ने कहा कि उन्हें किसी को कुछ साबित नहीं करना है और वह 2014 में आसनसोल से भाजपा के टिकट पर सांसद बनने के बाद से ही जमीनी स्तर की राजनीति करते रहे हैं। यहां टीएमसी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुप्रियो ने कहा, "सार्वजनिक जीवन से रिटायर्ड हर्ट होने की संभावना के बजाए जिंदगी ने मेरे लिये एक नया रास्ता खोल दिया है।" उन्होंने कहा, "मुझे उस पार्टी (टीएमसी) से काफी प्यार और समर्थन मिला है, जिसके साथ मेरे रिश्ते खराब रहे हैं।" केंद्रीय मंत्रिपरिषद से हटाए जाने के बाद कई हफ्तों तक कभी नरम तो कभी गरम तेवर दिखाने वाले भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो ने शनिवार को टीएमसी का दामन थामकर लोगों को चौंका दिया था। आसनसोल संसदीय सीट से दूसरी बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे सुप्रियो ने पूर्व में कहा था कि वह राजनीति छोड़ देंगे। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने बाद में उन्हें लोकसभा का सदस्य बने रहने के लिये मना लिया था।

## सीजेआई रमना की बड़ी टिप्पणी, गुलामी के दौर की न्याय प्रक्रिया से आम लोगों को होती है दिक्कत, इसके भारतीयकरण की है जरूरत



देश की न्याय व्यवस्था में इंसाफ में देरी को लेकर सवाल उठते रहते हैं। लेकिन अब मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमना ने हमारी न्यायिक प्रणाली में दूसरी खामी की ओर भी ध्यान खींचने की कोशिश की। उनके मुताबिक हमारी न्याय व्यवस्था अंग्रेजों के दौर की है और इसका भारतीयकरण करना बहुत जरूरी है। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि देश मे अब भी गुलामी के दौर की न्याय व्यवस्था कायम है और ये हमारे लोगों के लिए ठीक नहीं है। क्या क्या सीजेआइ ने?: सीजेआई रमना ने कहा कि हमें हमारी न्याय व्यवस्था के भारतीयकरण करने की जरूरत है। हमारी न्याय व्यवस्था में आम लोगों को इंसाफ पाने में कई अड़चने आती हैं। हमारी अदालतों की कार्यप्रणाली भारत की जटिलता के साथ मेल नहीं खाती। मौजूद व्यवस्था औपनिवेशिक काल की है और ये हमारे लोगों के लिए सही नहीं है।





## बीजेपी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा– सिद्धू पर लगे आरोप गंभीर, सोनिया–राहुल गांधी चुप क्यों?

भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कैप्टन अमरिंदर सिंह द्वारा पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर लगाए गए आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया। जावड़ेकर ने कहा कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर बेहद ही गंभीर आरोप लगाएं हैं। उन्होंने उन्हें देश विरोधी करार दिया है। बीजेपी सोनिया गांधी,राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से एक सवाल पूछ रही है कि आप चुप क्यों हैं? प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि हम कांग्रेस से इस मुद्दे पर बोलने और अपना पक्ष रखने की मांग करते हैं। क्या कांग्रेस इन पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी। अमरिंदर ने सिद्धू को बताया था राष्ट्र विरोधी, खतरनाक : पंजाब



के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटे बाद कांग्रेस नेता अमरिंदर सिंह ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर तेज हमला किया और उन्हें 'राष्ट्र विरोधी, खतरनाक तथा पूरी तरह विपत्ति' करार दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि वह सिद्धू को अगले मुख्यमंत्री के रूप में या आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के चेहरे के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे। अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद मीडिया से बातचीत में सिंह ने साफ किया कि उनकी राजनीति छोड़ने की कोई मंशा नहीं है। उन्होंने सिद्धू को 'राष्ट्र विरोधी, खतरनाक, अस्थिर, अक्षम' करार देने के साथ राज्य और देश की सुरक्षा के लिए खतरा तक बता दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि वह (सिद्धू) 'साफतौर पर पाकिस्तान के साथ मिले हैं और पंजाब तथा देश के लिए खतरा और विपदा' हैं। सिंह ने पाकिस्तान के नेतृत्व के साथ सिद्धू की करीबी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा, "मैं ऐसे व्यक्ति को हमें तबाह नहीं करने दे सकता।

### उत्तराखंड को लेकर केजरीवाल का बड़ा वादा

## नौकरी नहीं मिलने तक हर महीने मिलेगा 5 हजार भत्ता, रोजगार पलायन मंत्रालय बनाया जाएगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की नजर अब चुनावी वादों के सहारे उत्तराखंड पर भी विस्तार की है। इसी क्रम में हल्द्वानी के दौरे पर पहुंचे आप संयोजक ने उत्तराखंड की जनता से बड़ा चुनावी वादा किया है। आम आदमी पार्टी की तरफ से उत्तराखंड के लिए रोजगार और पलायन के मुद्दे को लेकर वादा किया गया है। अरविंद केरजीवाल ने 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने





के वादे के साथ ही पुराने बिजली बिलों को माफ करने की भी बात कही है। नौकरी नहीं मिलने तक युवा को 5,000 रुपए भत्ता : अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो उत्तराखंड के सभी बेरोजगार के लिए रोजगार मुहैया कराया जाएगा। जब तक उस बेरोजगार को रोजगार नहीं मिलता तब तक हर परिवार से एक युवा को 5,000 रुपए महीना दिया जाएगा। सरकारी और निजी में 80: नौकरियां उत्तराखंड के बच्चों के लिए रिजर्व की जाएगी। इसके साथ ही केजरीवाल ने कहा कि उत्तराखंड में 6 महीने में 1 लाख नौकरी दिए जाएंगे और रोजगार पलायन मंत्रालय बनाया जाएगा। 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगीः उत्तराखंड में दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि अगर हमारी सरकार यहां बनेगी तो 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी और पुराने बिजली के बिल माफ किया जाएगा तथा 24 घंटे बिजली दी जाएगी। मैं जो कहता हूं वो करता हूं। हमने कहा मुफ्त बिजली देंगे..तो देंगे।

## दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना ने युवाओं के लिए खोले रोजगार के द्वार

शिमला । प्रदेश के युवाओं को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत हुनरमंद बनाने के साथ–साथ रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस योजना में प्रदेश की युवाशक्ति का समुचित दोहन कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण गरीब युवाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें न्यूनतम मजदूरी या उससे अधिक नियमित मासिक वेतन पर रोजगार प्रदान करना है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू–जीकेवाई) के अन्तर्गत वर्ष 2023 तक 22000 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत अभी तक 5320 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिनमें से 3021 युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्रदान किया गया हैं। इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लाभार्थी प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों में कार्यरत है। हॉस्पिटैलिटी ट्रेड के अन्तर्गत कार्यरत युवाओं को भोजन के



साथ छात्रावास की सुविधा प्रदान की जा रही है। गरीब ग्रामीण युवाओं के लिए आयु सीमा 15–35 वर्ष तथा दिव्यांग, महिलाओं तथा अन्य कमजोर वर्गों के लिए आयु सीमा 45 वर्ष निर्धारित की गई है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार, मनरेगा के तहत वित्त वर्ष में कम से कम 15 दिन का कार्य करने वाले श्रमिक के परिवार सदस्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड धारक परिवार, अन्त्योदय अन्न योजनाध्बीपीएलध पीडीएस कार्ड परिवार तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्य इस योजना के पात्र होंगे। इस योजना के तहत 70 प्रतिशत प्रशिक्षित लाभार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में निश्चित रोजगार का आश्वासन प्रदान किया जाता है। योजना के तहत प्रशिक्षुओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ–साथ निःशुल्क छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत कोर्स की अवधि 3 से 12 महीने की होती है। योजना के लाभार्थियों को एक वर्ष का पोस्ट प्लेसमेंट प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। वर्तमान में इस योजना के तहत परिधान (अपैरल), हॉस्पिटैलिटी, ग्रीन जॉब्स, ब्यूटिशियन, सिलाई मशीन ऑपरेटर, बेकिंग, स्टोरेज ऑपरेटर, स्पा, अनआर्म्ड सिक्योरिटी गार्ड, इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक, सेल्स एसोसिएट, अकॉउंटिंग, बैंकिंग सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, कंप्यूटर हार्डवेयर असिस्टेंट, टेली एक्सेक्यूटिव–लाइफ साइंसेज आदि ट्रेड्स डीडीयू–जीकेवाई के अन्तर्गत संचालित किए जा रहे हैं। इन ट्रेडस के अन्तर्गत युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कौशल में विकास किया जाता है। वर्तमान समय में डिजिटल स्किल, सोशल मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक, विजुअलाइजेशन, टेलिविजन और मोबाइल रिपेयर जैसे क्षेत्रों में रोजगार, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के अपार अवसर उत्पन्न हुए हैं। इन ट्रेडस के माध्यम से अर्धकुशल युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया जाता है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर कई युवाओं ने भविष्य के लिए सजाए सुनहरे सपनों को साकार किया है। जिला कांगड़ा के गांव कछियारी के अक्षय कुमार के लिए यह योजना वरदान सिद्ध हुई है। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं थी। उनके पिता दिहाड़ीदार मजदूर है और पूरे परिवार का बोझ उन्हीं के कंधों पर था। घर में आर्थिक तंगी होने के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई भी छोड़नी पड़ी लेकिन अक्षय कुमार आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन कर अपने परिवार का सहारा बनना चाहते थे। यह योजना उनके लिए आशा की किरण बनकर आई। जब उन्हें योजना के बारे में पता चला तो इसका लाभ उठाने के लिए उन्होंने बैंकिंग एण्ड अकाउंटिंग पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण लेना शुरू किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आई.टी. और स्पोकन इंग्लिश की मुफ्त कक्षाएं भी ली, जिससे उनके संचार कौशल में काफी सुधार हुआ है। योजना के अन्तर्गत उन्हें अध्ययन सामग्री के साथ–साथ यात्रा भत्ता भी मिला और प्रशिक्षण के दौरान उन्हें संबंधित क्षेत्र से काफी नई चीजें सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। वर्तमान में वह पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट हाउस चंडीगढ़ में बतौर सहायक लेखाकार के रूप में कार्यरत है।

## हिंदी दैनिक समाचार पत्र बुद्ध का संदेश प्रगति पथ पर अग्रसर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर ।इस इंटरनेट के जमाने में जहां इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अपना पांव तेजी से पसार रही है उसी प्रकार प्रिंट मीडिया भी अपना स्थान बनाए हुए है ।लखनऊ, सीतापुर, कानपुर, बरेली, सोनभद्र, गोण्डा,बहराइच, सिद्धार्थनगर आदि जनपद में हिंदी दैनिक समाचार पत्र बुद्ध का संदेश विकास पथ पर है। तो वही विगत वर्ष से गोरखपुर, बस्ती,संत कबीर नगर, देवरिया जनपद में भी अपना पहचान बना रहा है। सिद्धार्थ नगर जिले से प्रकाशित यह दैनिक समाचार पत्र प्रिंट मीडिया से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपना योगदान दे रहा है। जल्द ही बलरामपुर संस्करण



भी समाचार पत्र निकालने जा रहा है अगले माह से ही नया संस्करण चालु हो जायेगा। यह अखबार क्षेत्र में अपने स्वतंत्र व निष्पक्ष लेखन के लिए खूब पसंद किया जा रहा है ।गोरखपुर मीडिया प्रभारी के अनुसार इस समाचार पत्र के पाठकों ने इसे पढ़ कर काफी प्रशंसा की। अपर जिला सूचना अधिकारी अंजनी मिश्र ने भी अखबार को पढ़ा और इसकी गुणवत्ता की सराहना की। इस पत्र के संपादक महोदय ने कहा कि जल्दी ही यह समाचार पत्र गोरखपुर के ग्रामीण क्षेत्र में भी उपलब्ध होगा तथा अपनी स्वतंत्रता व निष्पक्षता से सभी पाठकों को अवगत कराएगा। जिला मीडिया प्रभारी अरुण शर्मा ने कहा कि यह समाचार पत्र भ्रष्टाचार व अन्याय के खिलाफ लोगों की आवाज बनेगा क्योंकि आम लोगों की समस्या हमारी समस्या है तथा उनकी समस्या को संबंधित अधिकारी तक पहुंचाना हमारा कर्त्तव्य है।

## विमान कंपनियां कोविड-19 पूर्व घरेलू उड़ानों में से 85 प्रतिशत का संचालन कर सकती हैंः सरकार

नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विमान कंपनियां अब 72.5 प्रतिशत के बजाय कोविड–19 पूर्व घरेलू उड़ानों में से अधिकतम 85 प्रतिशत का संचालन कर सकती हैं। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, विमानन कंपनियां 12 अगस्त से कोविड–19 पूर्व की अपनी घरेलू उड़ानों में से 72.5 प्रतिशत का संचालन कर रही हैं। यह सीमा पांच जुलाई से 12 अगस्त के बीच 65 प्रतिशत थी। एक जून से पांच जुलाई के बीच यह सीमा 50 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने शनिवार को एक नया आदेश जारी किया, जिसमें उसने 12 अगस्त के आदेश को संशोधित करते हुए कहा कि ''72.5 प्रतिशत क्षमता को 85 प्रतिशत क्षमता के रूप में पढ़ा जाए।'' शनिवार के आदेश में यह भी कहा गया है कि यह सीमा ''अगले आदेश तक'' लागू रहेगी। सरकार ने दो महीने के अंतराल के बाद पिछले साल 25 मई को निर्धारित घरेलू उड़ानों को फिर से शुरू किया था। उस वक्त मंत्रालय ने विमानन कंपनियों को कोविड–19 पूर्व की अपनी घरेलू सेवाओं के 33 प्रतिशत से अधिक के संचालन की अनुमति नहीं दी थी। दिसंबर तक धीरे–धीरे इसे बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर दिया गया।

# आपात बैठक बुलाकर तहसीलदार के विरुद्ध आंदोलन लगातार चलाने का लिया निर्णय

करनैलगंज(गोंडा)। करनैलगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने .आपात बैठक बुलाकर तहसीलदार के विरुद्ध आंदोलन लगातार चलाने का निर्णय लिया। उधर अधिवक्ताओं का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। अधिवक्ता तहसीलदार के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे। करनैलगंज तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा की अगुवाई में दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं का धरना व क्रमिक अनशन जारी रहा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष ने कहा कि तहसीलदार की हठधर्मिता समाप्त न होने तक अनशन अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि तहसीलदार का कुछ ही दिन में भूमाफियाओं से गहरा सम्बन्ध हो गया है। जिससे न्याय प्रभावित हो रहा है। त्रिलोकीनाथ तिवारी ने कहा कि धारा 34 व धारा 38 की अविवादित पत्रावलियों की भी सुनवाई नही कर रहे हैं। बैनामा के दाखिल खारिज की पत्रावलियों में लेखपाल से अवैधा वसूली करवा रहे हैं। आम जनता के शिकायती पत्र पर कोई आदेश न करके उसे अपने पास रख लेते है। जिससे जनता की समस्या बढ़ गई है। आपात बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि जबतक कोई सार्थक परिणाम नही आता है तबतक बाध्यकारी आंदोलन जारी रहेगा। इस बैठक में मंत्री सूर्य कांत तिवारी उर्फ वेद, त्रिलोकीनाथ तिवारी, रामसुरेश तिवारी, सत्यनरायन सिंह, ह्रदय नरायन मिश्र, श्यामधर शुक्ल आदि अधिवक्ताओं ने अनशन को सम्बोधित करते हुये अपने विचार रखे। अरविंद शुक्ल, सुशील सिंह, वीरेंद्र विक्रम तिवारी, रामसभा मिश्रा, गोपाल जी तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने विधायक व एसपी संग जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की शिकायतें

## सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस से गैरहाजिर 09 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

गोण्डा। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जहां पर उन्होंने विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के साथ जन शिकायतें सुनीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम मार्कण्डेय शाही से ग्राम पथार डिक्सिर निवासी कमलेश तिवारी ने शिकायत किया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय तिवारी बाजार के प्रधानाध्यापक राम प्रकाश द्वारा स्कूल का भवन बनवाए बिना ही साढ़े सात लाख रूपए का भुगतान कर दिया है। इस शिकायत पर डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि वे प्रकरण की जांच कर लें तथा दोषी प्रधानाध्यापक को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही के साथ–साथ एफआईआर भी दर्ज कराएं। धनौली निवासी विजय प्रताप ने बताया कि उसके गांव में स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। डीएम ने प्रकरण की जांच खण्ड शिक्षा अधिकारी तरबगंज तथा नायब तहसीलदार को सौंपी हैं। फत्तेपुर कटरा श्विादयालगंज निवासी अधिवक्ता जगदम्बा मौर्य ने प्रार्थना पत्र दिया कि उसके नाम का राशन कार्ड बना हुआ है परन्तु आज तक उसके द्वारा राशन नहीं लिया गया फिर कोटेदार द्वारा उसके परिजनों के नाम से राशन निकाल लिया गया है। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर तहसील तरबगंज में क्षेत्रीय विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय तथा तहसील सदर में प्रतीक भूषण सिंह ने भी जो शिकायतें सुनीं तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। तहसील सदर में गैरहाजिर नौ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए हैं।

# जिस राज्य में गुंडागर्दी खत्म हो जाए वह खुशहाल हो जाएगा: स्वतंत्रदेव सिंह

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पिछड़ा मोर्चा के कार्यक्रम में विपक्ष को लिया आड़े हाथ

अयोध्या। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि जिस राज्य में गुण्डागर्दी समाप्त हो जाय वह राज्य खुशहाली की ओर जाता है। पिछली सरकार में पश्चिम उत्तर प्रदेश में कई जगह पांच बजे दरवाजा बंद हो जाता था। लोगो को डर रहता था कि आपराधिक घटना हो जायेगी तो मुकदमा लिखा जायेगा अथवा नहीं। परन्तु योगी सरकार में किसी की हिम्मत है कि खेत में रखा फावड़ा तक उठाकर ले जाये। उन्होने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में अक्सर बम गिरता था। कभी अयोध्या तो कभी काशी में। परन्तु योगी सरकार के कार्यकाल में न तो एक भी दंगा हुआ और न कहीं बम गिरा। रेलवे स्टेशन पर एक कुली उनका स्वागत करने आया था। कुली का कहना था कि उसकी बेटी सिपाही हो गयी और एक भी पैसा घूस नहीं लगा। भाजपा में न जातिवाद और न परिवारवाद यहां केवल एक चीज है राष्ट्रवाद। उन्होने कहा कि मोदी सरकार में 27 ओबीसी के मंत्री है। मंण्डल कमीशन की सिफारिशों को योगी सरकार ने लागू किया। गरीबों को पहली बार शौचालय मिला। आवास, किसान सम्मान निधि के साथ प्रेगनेंट महिला को सुविधा देने से लेकर बेटी की शिक्षा तक की व्यवस्था सरकार कर रही है। उन्होने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री जब चाईना में उतरते है तो वहां भी भारत की माता की जय के नारे लगते है। स्वतंत्रता सेनानियों को आज गर्व महसूस होता होगा। नेहरु ने राम के नाम को नकार दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राममंदिर की नींव रखी। धारा 370 एक झटके में समाप्त कर दिया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने कहा कि आजादी मिलने से पहले बनी अंतरिम सरकार सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाना चाहती थी। परन्तु एक व्यक्ति के कारण वह नहीं बन सके। आजादी के बाद गरीब, शोषित व वंचित व्यक्तियों को मजबूत करने का काम उसने किया जिसका काफी समय चाय की दुकान व रेलवे प्लेटफार्म पर बीता था। माताएं लकड़ी पर खाना बनाती थी तो उसके आंसू निकलते थे जिसे पोछने का काम मोदी सरकार ने किया। यूपी की पिछली सरकार के कार्यकाल में 46 लाख शौचालय बने थे। परन्तु योगी सरकार ने 2 करोड़ 21 लाख शौचालय बनाये। पिछड़ो के नाम पर सपा, कांग्रेस व बसपा केवल राजनीति करते है। महात्मा गांधी, लोहिया व जय प्रकाश जाति व्यवस्था के खिलाफ थे। दूसरी पाटियां दिन भर पिछड़ो के नारे लगाती है। परन्तु शाम होते वह अपने परिवार के नाम हो जाती है। क्रीमी लेयर की सीमा 6 लाख से 8 लाख करने की सिफारिश 1993 में हुई थी। जिसे लागू मोदी सरकार ने 2021 में किया। नीट में आरक्षण देने का निर्णय 1986 में आया था। परन्तु उसे लागू करने में 35 साल लग गये। जिसे नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में लागू किया। दूसरे सत्र में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग को एससी एसटी की भांति संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए पिछले संसद सत्रों में भाजपा ने भरपूर प्रयास किया। परन्तु कांग्रेस के असहयोग व विरोध के परिणाम स्वरुप व राज्यसभा में बहुमत न होने के कारण यह पास नहीं हो सका। परन्तु शीतकालीन सत्र में बिल पास करके आयोग को संवैधानिक दर्जा दे दिया गया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ओबीसी मोर्चे को प्रदेश का सबसे बढ़ा मोर्चा बनाने के लिए हम संकल्पित है। हमारा लक्ष्य है कि इस बार 350 के पार। इस लक्ष्य को पूरा करने में ओबीसी मोर्चा अहम रोल निभायेगा। भाजपा सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिया गया है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर आम जनता में उत्साह है। प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं गरीबों के प्रति समर्पित है। गरीबों को निःशुल्क आवास, शौचालय, रसोई गैस व विद्युत कनेशन दिया गया है। बैठक को केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री संगमलाल गुप्ता, प्रदेश प्रभारी पूनम बजाज ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विनोद यादव, रामचन्द्र प्रधान, संजय भाई पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष चिरंजीव चौरसिया, प्रमेंद्र जांगड़ा, जयप्रकाश कुशवाहा, भास्कर निषाद, शिव नायक वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल, विजय गुप्ता मौजूद रहे।

## केंद्रीय टीम ने की विकास कार्यो की जांच

इटियाथोक,गोंडा। नेशनल टीम ने ब्लॉक के लक्ष्मणपुर लाल नगर पंचायत में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जांच की। टीम में दो सदस्य शामिल थे। टीम का नेतृत्व डीडीओ दिनकर विद्यार्थी कर रहे थे। केंद्रीय टीम ने बताया, कि योजनाओं के निरीक्षण के बाद इसकी रिपोर्ट केंद्रीय कार्यालय को सौंपी जाएगी। टीम ने इटियाथोक प्रखंड के लक्ष्मणपुर लाल नगर पंचायत में संचालित मनरेगा, वृद्धा पेंशन, इंदिरा आवास, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में डीसी मनरेगा, डी सी एन आर एल एम, जिला समन्वयक अभय प्रताप सिंह, एडीओ आईएसबी विकास मिश्र व एडीओ पंचायत शमीम खान,मौजूद रहे ।नेशनल टीम ने बताया कि मनरेगा के कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जॉब कार्ड बनाने को लेकर रोजगार सेवक विनोद कुमार यादव को कड़ी फटकार लगाई। मौके पर पंचायत सचिव शैलेंद्र मौर्य, व सफाई कर्मी नाजिम अली भी उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग की मुहिम लायी रंग

करनैलगंज(गोंडा)। महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए चलाई जा रही पुलिस विभाग की मुहिम रंग ला रही है। पुलिस टीम की मोहल्ला क्लास व चौपाल में भारी संख्या में भीड़ जुट रही है। मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा लगाकर बालिकाओ व महिलाओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण के व्यापक प्रचार प्रसार के तहत थाना कोतवाली करनैलगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम महादेव में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर यूपी आपातकालीन 112, विमेन पावर लाइन 1090, चाइल्डलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया। यही नहीं चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं की समस्याओं को सुना भी गया। तथा 1090 के पोस्टर को दृष्टव्य स्थान पर चस्पा किया गया। मिशन शक्ति टीम में आरक्षी अभय प्रताप यादव, आरक्षी ललित कुमार, महिला आरक्षी ज्योति राजभर व महिला आरक्षी सुमन ने महिलाओं को जागरूक करते हुए उनके ऊपर हो रहे अपराध से लड़ने व विरोध करने के बारे में बताया। इस मौके पर भारी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं के साथ स्कूली छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## सपा नेताओं ने कठोर कार्रवाई की मांग की

अयोध्या। थाना पूराकलंदर क्षेत्र के चांदपुर हरबंस गांव में दलित मोहन कोरी की पीट पीट करके हत्या की जानकारी पर सपा नेताओं ने कठोर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए दलित नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे पूर्व मंत्री पवन पांडे, सपा नेता अजय रावत ने पीड़ित परिवार के लिए 25 लाख मुआवजा तथा आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की प्रशासन से मांग की है। मांग न पूरी होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। सपा से पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद, पवन कुमार, अजय आजाद, सतीश यादव ने परिजनों को सांत्वना दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पूर्व विधायक आनंद सेन यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए वह लड़ाई लड़ेंगे। सपा नेताओं ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग की है।

# जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्रारम्भ

अयोध्या। जनपद के शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आरंभ किया जा रहा है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि शहरी व् ग्रामीण क्षेत्रो के स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया जा रहा है इस मेले में विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, साथ ही कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए मरीजों को निशुल्क परामर्श एवं जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने अपील की है कि लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया जा रहा है लेकिन पिछले कुछ महीनों में जिले व प्रदेश में कोरोना जैसी महामारी को देखते हुए मेंले को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया द्य अब पुनः आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है कोरोना का प्रकोप कम होने के कारण एक बार फिर आयोजित किया जा रहा है समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुये कोविड–19 के नियमों का पूर्णता पालन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ अवश्य उठाये उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों पर थर्मल स्कैनिंग पल्स आक्सीमीटर होना जरूरी है इससे वहां हुए लोगो की जाँच हो सके आए प्रत्येक लोगो की जांच की जाएगी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि आरोग्य मेले में आने वाले लोगों कि गर्भवती महिलाओं, बच्चों का टीकाकरण के साथ दवा देने के साथ जांच भी बिल्कुल निःशुल्क की जाएगी। उन्होंने ने बताया मेले में विशेषज्ञों द्वारा बुखार समेत मौसमी बीमारियों की जांच,गर्भवती व बच्चों का टीकाकरण ,दवा और सभी पैथोलॉजी की जांच निःशुल्क की गयी द्य निःशुल्क सैनेटरी नैपकिन वितरण, नसबंदी के लिए पंजीकरण, आंखों की निःशुल्क जांच, क्षय रोग की जांच, परिवार नियोजन के अस्थायी साधन का निःशुल्क वितरण ये सुविधाएं भी मिलेंगी, उन्होंने बताया कि चिकित्सा व उपचार के अलावा संदर्भन की सुविधा, गर्भावस्था, प्रसवकालीन व जन्म पंजीकरण का परामर्श,बच्चों में डायरिया ,निमोनिया रोकथाम के लिए परामर्श सुविधा मिलेगी।

# सशस्त्र सीमा बल की साईकिल रैली अयोध्या में हुआ भव्य स्वागत

अयोध्या। आजादी के 75वें वर्ष पर गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार, बल मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, नई दिल्ली द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" कार्यक्रम रुपी महोत्सव का प्रारम्भ किया गया है जिसके अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस साइकिल रैली को 25 अगस्त को लेफ्टिनेंट जनरल राविन खोसला, जी०ओ०सी०–4 , तेजपुर मुख्यालय द्वारा हरी झंडी दिखाकर सीमांत मुख्यालय तेजपुर (असम) से रवाना किया गया । तत्पश्चात यह रैली सीमांत मुख्यालय गुवाहाटी, सीमांत मुख्यालय सिलिगुड़ी, सीमांत मुख्यालय पटना (बिहार) के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विभिन्न ऐतिहासिक मार्गों से होते हुए 1336 कि.मी. की दूरी तय करने के पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में मुख्य अतिथि शैलेश कुमार पाण्डेय (भा०पु०से०) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या, प्रो. रवि शंकर सिंह, कुलपति, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध युनिवर्सिटी एवं अमनदीप सिंह, ब, गुरु नानक देव अकादमी इंटर कॉलेज, मानस नगर , शहीदो के परिजन, एनसीसी के छात्र – छात्राओं एवं बरजीत सिंह, द्वितीय–कमान–अधिकारी, 66वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा रैली में भाग लेने वाले सभी जवानों का पुष्प माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान शैलेश कुमार पाण्डेय, प्रो. रवि शंकर सिंह, कुलपति, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध युनिवर्सिटी एवं अमनदीप सिंह, गुरु नानक देव अकादमी इंटर कॉलेज, मानस नगर , शहीदो के परिजन एवं बरजीत सिंह, द्वितीय–कमान–अधिकारी, 66वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा शहीदों की यादगार में उनके परिवारजनों को भी सम्मानित किया। यह रैली भारत के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति के साथ–साथ 75 साल की प्रगति और विकास की याद दिलाती है । इस रैली का उद्देश्य देश की जनता एवं युवा वर्ग को "आजादी का अमृत महोत्सव" समारोह के साथ जोड़ना तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरुक करना है । इस मौके पर गुरु नानक देव अकादमी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया, कार्यक्रम में सामिल विद्यार्थियों, जवानों, व स्थानीय नागरिकों द्वारा भारत माता की जय के नारों के साथ पूरा अयोध्या जनपद गूँज उठा, मानो जैसे पूरा भारत यहीं एकत्र हो गया हो। बरजीत सिंह, कमान–अधिकारी तथा गुरु नानक देव अकादमी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जी को स्मृति चिन्ह भेट किया गया तथा मुख्य अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया द्यइस दौरान गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी के सीईओ अमनदीप सिंह द्वारा सभी आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

रात्रि विश्राम के उपरांत यह साइकिल रैली अपने अगले पड़ाव के लिए गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 से कोटवा सड़क एवं दादरा होते हुए बाराबंकी के लिए प्रस्थान करेगी, लगभग 97 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद इस रैली को जनपद बाराबंकी के अन्तर्गत जैदपुर में चतुर्थ वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल को अग्रिम यात्रा हेतु सुपुर्द किया जाएगा । गुरु नानक स्कूल से साइकिल रैली को एसएसपी शैलेश पांडे द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया

## युवक की पीट पीट कर हत्या, क्षेत्र में तनाव

अयोध्या। जनपद में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां पर बरसात का पानी निकालने के लिए सुबह मिट्टी खोद रहे दलित युवक की लाठी से पीटकर हत्या कर दी गई है ।मामला थाना पूराकलंदर के चांदपुर हरबंस गांव का है ।परिजनों का आरोप है कि गांव के ही पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह उर्फ गुड्डू ने लाठियों से पीटकर हत्या कर दी। लगातार हो रही भारी बारिश से गांव में पानी भर गया था। जिसको निकालने के लिए दलित मोहन मिट्टी खोद रहा था। जिसको लेकर गांव के पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह उर्फ गुड्डू ने मोहन को पीटना शुरू कर दिया और तब तक पीटते रहे जब तक उसकी मृत्यु नहीं हो गई। परिजन जब उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो जिला अस्प्ताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे धीरेंद्र कुमार ने इस दौरान पूर्व प्रधान पर दबंगई का भी आरोप लगाया और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। घटना की सूचना मिलते है भारी संख्या में स्थानीय पुलिस पहुंच गई। इस बाबत एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी पक्ष के दो परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा गया है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस टीम लगा दी गई है।

## तारुन सीएचसी का कायाकल्प की टीम ने किया निरीक्षण

अयोध्या। भारी बारिश के बीच शाम को तारुन सीएचसी में कायाकल्प की टीम ने भारी बारिश के बीच किया निरीक्षण ।डॉ राजेश त्रिपाठी मण्डलीय कन्सल्टेंट प्रयागराज व डॉ शालिनी सिंह मण्डलीय कन्सल्टेंट मिर्जापुर ने बहुत गहनता से सीएचसी सबसे पहले साफ सफाई के बारे में कर्मचारियों से जानकारी ली तथा पैथालॉजी में लैब टेक्नीशियन दीपक से लैब के बारे में व फार्मेसी में फार्मासिस्ट राजेन्द्र वर्मा से जानकारी लिए टीम ने अस्पताल के इमरजेंसी,जेएसवाई वार्ड,प्रसव कक्ष,आदि की भी जाँच बड़ी गहनता से की ।निरीक्षण से पहले आज विश्व रोगी सुरक्षा दिवस भी मनाया गया जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर शपथ ग्रहण भी कराया गया।

# कॉपरेटिव बैंक एम्प्लाइज यूनियन का मना 51वां स्थापना दिवस

अयोध्या। कॉपरेटिव बैंक एम्प्लाइज यूनियन की जिला इकाई द्वारा 51 वां स्थापना दिवस आयोजित हुआ ।इस स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि महंत गौरी शंकर दास राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद एवं राष्ट्रीय महासचिव निर्वाणी अखाड़ा हनुमानगढ़ी और समारोह की अध्यक्षता धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू सभापति जिला सहकारी बैंक ने किया ।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया ।यूनियन द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा मुख्य अतिथि महंत गौरी शंकर दास व समारोह के अध्यक्षता कर रहे सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया। स्थापना दिवस पर जिला सहकारी बैंकों के अस्तित्व को बचाने के लिए इनका उत्तर प्रदेश सहकारी बैंकों में विलय किये जाने तथा राज्य संवर्ग प्राधिकारी सहकारी बैंक केन्द्रीयत सेवा कैडर समाप्त किये जाने की मांग हुई ।समारोह के मुख्य अतिथि महंत गौरी शंकर दास ने बताया कि हमारी शुभकामनाए है कि कॉपरेटिव बैंक दिन दुगनी प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। कॉपरेटिव बैंक एम्प्लाइज यूनियन के प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि 51 वां स्थापना दिवस पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है संगठन के सभी सदस्यों को सर्वप्रथम धन्यवाद दिया संगठन की मांग है। सभी जिला सहकारी बैंक को आपस में विलय कर एक वृहद सहकारी बैंक बनाया जाए। उन्होंने बताया या रिपोर्ट शासन में 2 वर्षों से लंबित है उसमें कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है पुनः हम सरकार से अनुरोध करते हैं ।इस रिपोर्ट को क्रियान्वित किया जाए। और सभी बैंक को आपस में विलय कर एक वृहद बैंक बनाया जाए। सिंह ने कहा दूसरी मांग संगठनों की ओर है, इस पर विचार चल रहा है,हो सकता है जल्द ही संगठन निर्णय लेगा। सरकार से अनुरोधा करूंगा मुख्यमंत्री जी से अपने वरिष्ठ अधिकारियों से इस संगठन के सकारात्मक मांगे पूरी की जाए। सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकारी बैंक की ऐसी संस्था है जो प्रदेश के अधिकांश किसानों को फसल के समय खाद,बीच के लिए फसल उगने में जो अन्य आवश्यकता होती है ।और केवल 3 प्रतिशत वार्षिक की दर पर ब्याज पर यहां पर मिलता है जिस प्रकार से सहकारी बैंक की स्थापना हुई थी जो सहकारिता के क्षेत्र में लोगों ने अपेक्षा की थी ।पिछले दिनों कहीं न कहीं में गिरावट आएगी। वर्तमान में जिला सहकारी बैंक अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। बैंकों की आर्थिक हालत डावाडोल है और सरकार का प्रोत्साहन नहीं हासिल हो पा रहा है। संगठन पिछले 3 वर्षों से 50 जिला सहकारी बैंकों को उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक में विलय कराए जाने के लिए प्रयासरत है। यूनियन पहले भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सभी को पत्र लिख चुकी है और स्थापना दिवस पर फिर अपनी वही मांग दुहराती है कि जिला सहकारी बैंकों का अस्तित्व बचाया जाय। इसके लिए पदाधिकारियों की अपील है कि शासन जिला सहकारी बैंकों का उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक में विलय कराए। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों को बचाने से किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा और जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों का भी हित होगा ।जिला सहकारी बैंकों के उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक में विलय से बैंकिग के लिए एक मजबूत वित्तीय आधार खड़ा होगा और रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की द्वितीय अनुसूची में शामिल होने से इन बैंको को रिजर्व बैंक से भी कर्ज मिल सकेगा ।स्थापना समारोह में अवसर पर यूनियन के लोग मौजूद रहे।

## पशुपालन महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

मिल्कीपुर–अयोध्या। राष्ट्रीय कृषि विकास परियोजना के अन्तर्गत वित्त पोषित परियोजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य सरकार के पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं शिक्षकों के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के पशुपालन महाविद्यालय के पशु चिकित्सालय परिसर स्थित प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक पशुपालन डॉ एसके मलिक ने दोपहर 12:00 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न मंडल के पशु चिकित्सा अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक पशुपालन एस के मालिक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजित होने यह पता चल जाता है कि किस क्षेत्र में पशुओं को कौन सी नई बीमारी होने लगी है जानकारी मिलने के बाद पशु चिकित्सा अधिकारी सतर्क हो जाते हैं और उसके निदान के लिए लग जाते हैं पशुपालकों के पशुओं का यदि समय से उपचार हो जाए तो पशुपालक के मुनाफे में कमी आने की संभावना नहीं रहती है। इस मौके पर अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय डॉक्टर आरके जोशी, निदेशक पशुपालन अयोध्या मंडल राकेश शुक्ला भदोही एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ आशीष कुमार सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ डीन योगी, समेत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सभी गुण्डे जेल में है बहन–बेटियॉ सुरक्षित,विपक्षी परेशान: स्वामी प्रसाद मौर्य

## उ0प्र0 सरकार के सफलतापूर्वक 04 वर्ष 06 माह पूर्ण होने पर बधाई:जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर ।उ0प्र0 सरकार के सफलतापूर्वक 04 वर्ष 06 माह पूर्ण होने के अवसर पर मंत्री श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकारध जनपद सिद्धार्थनगर प्रभारी मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता एवं सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल,विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता सम्पन्न हुई। उ0प्र0 सरकार के सफलतापूर्वक 04 वर्ष 06 माह पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता के अवसर पर मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार के 04 वर्ष 06 माह पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री की तरफ से सभी को बाधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री ने कहा कि उ0प्र0 में निवेशक बढ़े है।





सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार दिया जा गया है। रोजगार देने में उ0प्र0 प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री के नेतुत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास वितरण में देश में प्रथम स्थान पर है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, शौचालय निर्माण, सौभाग्य योजना, निःशुल्क विद्युत कनेक्शन में भी देश में प्रथम स्थान पर है। जनपद सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल विश्व विख्यात है। काला नमक चावल की मांग विदेशो में भी बढ़ी है। उ0प्र0 विकास के पथ पर अग्रसर है। आज सभी गुण्डे जेल में है। बहन–बेटिया सुरक्षित है। प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे, गंगा एक्सप्रेस–वे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे का कार्य तेजी से चल रहा है और उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। प्रदेश में अच्छी कानून व्यवस्था है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर कार्य किया जा रहा है। उ0प्र0 सरकार के सफलतापूर्वक 04 वर्ष 06 माह पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित पिछली सरकार और आज की सरकार के कार्यकाल का अन्तर दिख रहा है। पात्र लाभार्थियो को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन दिया गया है। प्रदेश में 33 नये मेडिकल कालेज बन कर तैयार हो गये तथा 16 नये मेडिकल कालेज के निर्माण की स्वीकृति कैबिनेट द्वारा दी गयी है जिसका निर्माण शीघ्र शुरू होगा।

प्रधानतमंत्री आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत रू. 5.00 लाख का निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। किसानो को फसलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है ।उ0प्र0 सरकार के सफलतापूर्वक 04 वर्ष 06 माह पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता के अवसर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि जनपद में मेडिकल कालेज बन कर तैयार हो गया है। जनपद में पोस्ट आफिस, पासपोर्ट आफिस, केन्द्रीय विद्यालय है। इसके अलावा खलीलाबाद–बांसी–डुमरियागंज–बहराइच तक नई रेल लाइन का निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहीत की कार्यवाही प्रारम्भ होने वाला है। जनपद में अच्छी सडक बन रही है। बाढ़ के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं आकर बाढ़ प्रभावित लोगो से मिलकर उन्हे राहतत सामग्री उपलब्ध करायी गयी है तथा जिला प्रशासन द्वारा भी युद्व स्तर पर लगकर बाढ़ पीड़ितो की सहायता एवं उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध करायी गयी है। जनपद में डुमरियागंज एवं इटवा तहसील बाढ़ से सर्वाधिक प्रभवित थी। डुमरियागंज में शाहपुर बांध हेतु केन्द्र सरकार द्वारा 67 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो गयी है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त भाजपा नेता दुर्गा राय, सुरेन्द्र मौर्या, घनश्याम मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, प्रिन्टध इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी, शोहरतगढ़ पार्टी कैम्प कार्यालय पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। इस दौरान समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष विष्णु उमर ने कहा कि दिग्विजय सिंह देव एक छोटे से कस्बे से निकल कर आज प्रदेश अध्यक्ष जैसे पदों पर अपने संघर्षो के बदौलत पहुँचे है। हम छात्रों, नौजवानों को उनके संघर्षो से सीखना चाहिए। कार्यक्रम में जिलाउपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि आज की पीढी की उनके संघर्षों से सीख लेने की जरूरत है। इस दौरान गोपाल प्रसाद, वकील खान, डब्लू सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल यादव, शहजाद सिद्दीकी, जिला सचिव वकार मोईज खान, नागेश्वर मिश्र,अवि श्रीवास्तव, महेश यादव, आमिर खान,अभिषेक यादव, आनन्द गुप्ता,मनीष मौर्य, आवेश रजा, सद्दाम, राम राज यादव, नागेंद्र यादव, अखिलेश यादव, राजकुमार चौधरी, आशुतोष चौरसिया, श्याम यादव, राम स्वरूप पांडेय समेत तमाम छात्रसभा एवं समाजवादी साथी मौजूद रहे।

## कैम्प लगाकर बनाया आयुष्मान कार्ड

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। पीएम जन आरोग्य योजना व सीएम



जन आरोग्य अभियान (आयुष्मान भारत) के चयनित लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग जिले में आपके द्वार आयुष्मान 2.0 पखवाड़ा चला रखा है। इसी चरण में शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरगवार में सीएससी संचालक कैलाश विश्वकर्मा व निरंकार उपाध्याय व ग्राम पंचायत चोड़ार में सीएससी वीएलई सरवन चौरसिया ने कैंप लगाकर 100 से अधिक लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया। इस दौरान रिनिया, निरहू, धर्मेन्द्र ,रविन्द्र, सूर्यनाथ,दुर्गेश कुमार ,मीरादेवी, नेहा,आकाश, कमलावती, बल्केसर आदि सैकड़ों लोगों ने गोल्डन कार्ड का लाभ लिया। सी. एस.सी. वी.एल.ई. कैलाश विश्वकर्मा ने बताया कि लाभार्थियों का अधिक से अधिक कार्ड बनें इसके लिए लगातार गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करके आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

## देर रात गूँजती रही गणपति बप्पा मोरया की गूंज

### 10 दिन की पूजा और उपासना के बाद हुआ, श्रद्धालुओं ने किया भण्डारे का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के कई स्थानों पर श्रीगणेश



प्रतिमाएं पंडालों में स्थापित की गई है। वहां भण्डारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया ।विदित हो कि हिंदू कैलेंडर में भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से आरंभ होने वाले गणेश उत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी को किया जाता है। माना जाता है कि अनंत चतुर्थी के दिन श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन होने के बाद गणपति पुनरू अपने लोक में वापस चले जाते हैं। ऐसे में इस साल यानि 2021 में गणेश उत्सव भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि यानि शुक्रवार, 10 सितंबर से शुरु हुआ। जिसके बाद अब रविवार, 19 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश उत्सव का श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन होगा। शोहरतगढ़ के श्रीराम चौक पर आयोजित भंडारे में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि ा सौरभ गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, कमलापति गुप्ता, दुर्गेश अग्रहरि, संजय कसौधन, अक्षय कसौधन, रवि गुप्ता, संदीप कसौधन, सोनू निगम उर्फ पहलवान, महेश कसौधन आदि मौजूद रहे।

## सांसद ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का किया शुभारंभ, घर–घर सर्वेक्षण किया जाए: सांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। न्यू प्राथमिक







स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारंभ सांसद जगदम्बिका पाल ने रविवार को फीता काट कर किया। सांसद ने कहा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित कराने में 'मुख्यमंत्री आरोग्य मेले' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में कोरोना नियंत्रित स्थिति में है। आरोग्य मेला फिर से शुरू किया जा रहा है। जिसमे 80 लोगो का कोरोना रोधी टीकाकरण हुआ। उन्होंने कहा कि डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के मरीजों की पहचान करने के लिए घर–घर सर्वेक्षण किया जाए। यदि कहीं लक्षणों के आधार पर संदिग्ध मरीज मिलता है तो उसे बुखार व दस्त की दवा दी जाए। जरूरत पड़ने पर उसे अस्पताल भी भेजा जाए। अस्पतालों में बेड व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए। ऐसे अंत्योदय कार्डधारक परिवार जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी में भी आच्छादित नहीं हैं। उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किया जाए। सीएमसो डा संदीप चौधरी ने कहा कि आरोग्य मेले से गरीब परिवार का इलाज होगा। जनपद में जितने भी उप केंद्र हैं सभी केंद्रों पर आयोजन किया जाएगा। जहा सभी का इलाज होगा। बर्डपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. सुबोध चंद्रा, न्यू पीएचसी बनकटवा के प्रभारी, डॉ. विजय प्रताप यादव, बीपीएम सूरज चौहान, फार्मासिस्ट राजेन्द्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य शब्लू साहनी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र पांडेय, दिलीप चतुर्वेदी, दुर्गा राय, श्रीश चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि ा मोहम्मद सईद, प्रमुख प्रतिनिधि चंदमोहन चौधरी, असफाक, इरफान, मोहन चौधरी, अनुरुद्ध विश्वकर्मा, अभिषेक कसौधन, सतीश जायसवाल, राजकुमार, आंगनबाड़ी सुमन श्रीवास्तव, प्रतिमा, माया, समता, संजना, आशा संगनी सुशीला जायसवाल, विजय लक्ष्मी, ऊषा, अनुपमा, प्रभा मिश्रा, विद्यावती, कुसुम, मेवा आदि सहित क्षेत्र की आशा व आंगनबाड़ी, क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## उसका में 860 लोगों में वितरण हुआ बाढ़ राहत सामग्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। कस्बा के मथुरा नगर वार्ड व ग्रामीण क्षेत्र के



ग्रामपंचायत कुड़ियां व इसके टोला बनगवा ,खुटवा में कुल 860 बाढ़ पीड़ितों में प्रशासन ने राहत सामग्री वितरित किया है। बाढ़ राहत सामग्री पाकर लोगो के चेहरे खिल गए ।रविवार को वार्ड के तेतरी तिराहे के पास मथुरा नगर वार्ड में राजस्व लेखपाल अमित पाण्डेय की उपस्थिति में भाजपा नेता रामेश्वर पाण्डेय व मयंक पाण्डेय ने जसमती,घनश्याम, धर्मेंद्र,धुरपाती काली देवी, जग्गनाथ आदि बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री वितरित किया है। इस वार्ड में कुल 260 लोगो मे राहत सामग्री वितरित की है ।इसीतरह ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामपंचायत कुड़ियां में राजस्व लेखपाल ज्योति सिंह की उपस्थिति में ग्राम प्रधान गेलही ब समाजसेवी विवेकानंद पाण्डेय ने राहत सामग्री वितरित की है। इस ग्रामपंचायत के विभिन्न टोलों के कुल 600 लोगो मे बाढ़ राहत सामग्री वितरित हुआ है। राहत सामग्री पाकर जय प्रकाश, शुभम, विजय प्रकाश, संजय, मनभवती आदि बाढ़ पीड़ित काफी खुश हुए है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राम कृष्ण पाण्डेय, उमेश चन्द पाण्डेय ,विनोद कुमार,राम उजागिर,संतोष पाण्डेय, नाथू, गिरधारी ,रामनिवास तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने बांटा बाढ़ राहत सामग्री

### भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के फत्तेपुर में आयोजित हुआ वितरण शिविर

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर। रविवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के फत्तेपुर में भाजपा



युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा ने करीब दो सौ बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया ।इस दौरान उन्होने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के रास्ते पर चल कर हर जरूरत मंद को सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम कर रही है ।आप लोगों का सौभाग्य है कि डुमरियागंज को राघवेन्द्र प्रताप सिंह जैसा विधायक मिला है जो हर गरीब अमीर के हर सुख, दुरुख मे शामिल हो कर उनके समस्या का हर संभव समाधान करते है ।इसके पहले की सरकारों की योजनाएं एक वर्ग विषेश के साथ परिवार तक ही सीमित थी ।भाजपा सरकार में हर व्यक्ति खुश है ।इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के ब्लाक प्रभारी भानू मिश्रा,बॉबी पांण्डेय,पंकज शुक्ला,सौरभ मिश्रा,अवधेश चौधरी,द्वारिकाधीश मिश्रा,सुनील मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि नरसिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## डॉ रोहित कुमार बने प्रदेश प्रवक्ता तो डॉ आशुतोष बने प्रदेश सचिव

दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा/कुशीनगर। सयुक्त एन एच एम संघ के प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार प्रदेश नेर्तृत्व द्वारा शनिवार को देर शाम किया गया। जिसमें कुशीनगर जनपद से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत दो कर्मचारियों को प्रदेश कार्यकारिणी में चयनित किया। जिसमे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक व टीबी सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्र को प्रदेश सचिव तो वही सीएमओ कार्यालय में कार्यरत जिला कंसल्टेंट क्यू.ए. डॉ रोहित कुमार को प्रदेश प्रवक्ता के लिये मनोनीत किया गया। नवनियुक्त सयुक्त एनएचएम संघ के प्रदेश सचिव डॉ आशुतोष मिश्र व प्रदेश प्रवक्ता डॉ रोहित कुमार ने संगठन के प्रदेश संयोजिका व टीबी संघ







की प्रदेश अध्यक्षा सुनैना अरोड़ा,सयुक्त एन एच एम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल गुप्ता व महामंत्री योगेश उपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो भी जिम्मेदारी दी है,उस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया जायेगा ।प्रदेश संयोजिका सुनैना व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल गुप्ता ने कहा कि डॉ आशुतोष मिश्र व डॉ रोहित कुमार को निस्वार्थ राष्ट्रहित और कर्मचारी हित में किए गए कार्य को देखते हुए इस पद पर इन्हें मनोनीत किया जाता है ।इनसे उम्मीद किया जाता है,की यह संगठन का विस्तार वह सामाजिक समरसता तथा कर्मचारियों के समस्याओं को दूर करने में मिसाल कायम करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी में चयनित होने पर कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष प्रभुनन्द उपाध्याय,जिला मंत्री विनोद दुबे,जिलाध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी राजेश शुक्ला,टीबी संघ के जिलाध्यक्ष राजीव राय,जिलामंत्री निशांत मिश्र,जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव,एलटी संघ के मंडल उपाध्यक्ष विजयकृष्ण द्विवेदी, एलटी संघ के जिलाध्यक्ष सत्यदेव पांडेय,जिलामंत्री संतोष गौड़,एल ए संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी,बीएसडब्ल्यू संघ के जिलाध्यक्ष ध्रुव शर्मा,जिलामंत्री सत्यप्रकाश रावत,राजकुमार चौधरी,एन एम ए संघ के जिलाध्यक्ष रामध्यान सिंह,राजेश ओझा, लालसाहब सिंह,देवेंद्र सिंह,इमरान खान,बीपीएम राहुल श्रीवास्तव, ब्रजेश उपाध्याय,शरतेन्दु शुक्ला,अजय यादव,सीएचओ नेहा गुप्ता,मनीषा,नीलम,प्रीति,प्रगति,सुनीता, जिया,सपना,स्टाफ नर्स कमिनीं,प्रिया,एएनएम प्रियंका,निधि ा,प्रतिभा,पूनम,कुमकुम,विभा,लालमती आदि सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## मैट में चयनित समूह की महिला ने किया गांव में काम

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। बढ़नी ब्लाक के चम्पापुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता शुभ लाभ समूह से जुड़ी महिला का चयन में मैट किया गया था ।ब्लाक परिसर में एपीओ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें विधवत जानकारी दिया गया ।गांव के विकास में महिला अपनी योगदान देने के लिए संकल्प लिया था ।उसी क्रम ग्राम पंचायत चम्पापुर में शुभ लाभ समूह की सदस्य वंदना मौर्या ने रोजगार सेवक एवं ग्राम प्रधान रामलोटन के देखरेख में काम शुभारंभ किया ।500 मीटर लंबाई कार्य शुरू हुआ है ।वंदना मौर्या ने कहा सबसे पहले काम करने आये मजदूर भाईयो माताओं के उपस्थित लिया ।उसके लंबाई, चौड़ाई व उचाई की मापन किया ।ईटा, बालू, सीमेंट को सही मात्रा मिलवाया ।पूरा दिन काम अपनी निगरानी हुआ ।सरकार को धन्यवाद देती हूँ जो हम गरीब महिला को रोजगार दिया ।इससे सैकड़ों महिला को समूह में जुड़ने की प्रेरणा मिल रही है ।आगामी काम ईमानदारी पूर्वक काम करूँगी ।प्रधान राम लौटन ने कहा कि आज गांव की महिला गांव के विकास में योगदान दे रही है इससे हम लोगों को बहुत प्रसन्नता मिल रही है ।इस मौके पर बन्दे हसन, भौके, खलील, वाजिद अली, कुत्बुल, घमलू, पट्टे चमार, हिरंजन, लालकु, बुधराम, शिव चरण, जियालाल, स्वयम्बर, नजर अली आदि मौजूद रहे।

## भा ज पा शक्तिकेंद्र सेमरी पर लगा चौपाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला, गोरखपुर। गोला तहसील के ग्राम सभा सेमरी में भा ज पा शक्ति केंद्र पर एक चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भा ज पा शक्ति केंद्र संयोजक राम ललित तिवारी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जय शंकर तिवारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में भाजपा के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया ।इस अवसर पर बुथ अध्यक्ष शैलेश पाठक, संगम नाथ तिवारी, धीरेंद्र तिवारी, अजीत तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, झींगन तिवारी ,महेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## धक्कामुक्की के बीच 10258 लोगों को लगा टीका

देवरिया। जिले में कोरोनारोधी टीका लगवाने को लेकर लोग परेशान है। सभी लोगों को टीके की खुराक नहीं मिल पा रही है। जिससे लोग परेशान हैं। .. जिला अस्पताल में विदेश जाने वाले लोगों ने टीकाकरण के दौरान धक्कामुक्की व शोर शराबे के बीच टीका लगवाया। यहां भीड़ बढ़ने से अफरा–तफरी का माहौल रहा। जिले में 93 केंद्रों पर 10258 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। जिले में कुल 10520 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। 18 वर्ष से 45 वर्ष तक 4562 को द्वितीय डोज दिया गया। 45 से 60 वर्ष के लोगों में 3755 को द्वितीय डोज दिया गया। 60 वर्ष से उपर 1941 को द्वितीय डोज दिया गया। टीका लगवाने के लिए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकांश लोग टीके का प्रथम डोज टीका लगवाने पहुंचे थे जिन्हें स्वास्थ्यकर्मियों ने वापस भेजा और रजिस्ट्रेशन कराकर सोमवार को केंद्र पर आने को कहा। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि आज कोरोनारोधी टीके का द्वितीय डोज लगाया गया। अधिक से अधिक टीकाकरण कर प्रयास किया गया।

# सम्पादकीय

**उम्मीद है कि सरकार के इस फैसले से अर्थव्यवस्था को तेजी मिलेगी। दूरसंचार कंपनियों के लिये घोषित राहत पैकेज के बाद टेलीकक्षम कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। निस्संदेह कर्ज में डूबा दूरसंचार क्षेत्र लंबे समय से इस राहत ...**

## राहत की कॉल

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से दूरसंचार क्षेत्र में सुरक्षा उपायों के साथ सौ फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति और राहत पैकेज से इस संकटग्रस्त उद्योग को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्र सरकार ने वित्तीय संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनियों को स्पेक्ट्रम से जुड़े भुगतान को चार साल तक टालने को भी मंजूरी दी है। ऐसा माना जा रहा है कि इन संरचनात्मक सुधारों से दूरसंचार सेक्टर के स्वरूप में धनात्मक बदलाव आयेगा। विश्वास जताया जा रहा है कि उद्योग जगत अब निवेश बढ़ाकर डिजिटल मुहिम को गति दे सकेगा। साथ ही गुणात्मक मोबाइल सेवा के साथ कॉल ड्राप की समस्या से भी निजात मिलेगी। निस्संदेह संकटग्रस्त कंपनियों को विदेशी निवेश की छूट मिलने से दूरसंचार सेवा प्रदाता कपंनियों के लिये नकदी का प्रवाह बढ़ेगा, जो निवेश करने वाले बैंकों के भी हित में रहेगा। दरअसल, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिये गये फैसले में समायोजित सकल राजस्व यानी एजीआर का भुगतान को चार साल के लिये टाला गया है ताकि एक अक्तूबर से लागू होने वाली छूट के चलते कंपनियां संरचनात्मक विकास पर ध्यान दे सकें। लेकिन इस बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान करना होगा। चार साल बाद कंपनियों को शेष राशि चुकानी होगी। ऐसा न होने पर सरकार भुगतान को इक्विटी में बदल सकती है। वहीं सरकार ने दूरसंचार के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को 49 फीसदी से बढ़ाकर सौ फीसदी तो किया है, लेकिन इसमें सुरक्षा उपायों का पालन होगा। मसलन यह निवेश उन्हीं देशों से हो सकेगा, जिनसे निवेश की अनुमति भारत सरकार ने दी है। दरअसल, पिछले दिनों आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि यदि सरकार मदद को आगे नहीं आती तो वोडाफोन आइडिया दिवालिया हो सकती है। सरकार ने इस पत्र में उठाई गई समस्या को गंभीरता से लिया। फिर सरकार की पहल के बाद टेलीकॉम सेक्टर की तसवीर ही बदल गई। दरअसल, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम कंपनियों को एजीआर बकाया के तौर पर 1,19 292 करोड़ रुपये के भुगतान करने को कहा था, जिसमें एक बड़ा हिस्सा भारती एयरटेल व वोडाफोन का था। इसके एक हिस्से का भुगतान इन कंपनियों ने किया भी था। अब सरकार की पहल के बाद टेलीकॉम कंपनियों को बैंकों से ऋण लेने और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं को तर्कसंगत बनाने की पहल भी की गई है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ड्रोन व वाहन उद्योग की विनिर्माण क्षमता में वृद्धि के लिये 26,058 करोड़ रुपये का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआई योजना को भी हरी झंडी दी है। इसमें वैकल्पिक ऊर्जा वाले वाहन मसलन इलेक्ट्रिकल व हाइड्रोजन फ्यूल सेल वाहन भी शामिल होंगे। इस पैकेज का बड़ा हिस्सा जहां वाहन उद्योग को मिलेगा, वहीं एक सौ बीस करोड़ रुपये ड्रोन उद्योग के लिये आवंटित होंगे। सरकार की मंशा है कि देश में कलपुर्जा उद्योग का विकास किया जाये। इससे जहां उत्पादन व निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, वहीं देश में रोजगार का भी विस्तार किया जा सकेगा। सरकार का सोचना है कि इस कदम से वैश्विक आपूर्ति श्रृखंला में विदेशी निवेश को बढ़ावा मिल सकेगा, जिससे वैश्विक वाहन कारोबार में भारत की भागेदारी बढ़ेगी। दूसरी ओर सरकार चाहती है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में ऑटो क्षेत्र की हिस्सेदारी में वृद्धि हो। वह चाहती है कि इसे सात फीसदी से बढ़ाकर बारह फीसदी के करीब लाया जाये।

## पद के जरिये समाज सेवा का सुअवसर

राजशेखर चौबे

नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को राजा के सामने लाया गया। कौन बनेगा करोड़पति में चार विकल्प दिए जाते हैं परंतु राजा ने अपराधी को दो विकल्प दिए। पहला, फांसी और दूसरा गुप्त सजा। स्वाभाविक रूप से उसने दूसरा विकल्प चुना। हम भी चुनाव में कई बार दूसरा विकल्प चुन लेते हैं और पांच या दस साल तक पछताते हैं। उसके साथ भी वही हुआ। दूसरी गुप्त सजा थी कोड़े मार–मार कर मौत के घाट उतार देना। रिसोर्ट का रुख करने वाले विधायकों के विकल्पों की जानकारी दुर्लभ है। अलग चाल, चरित्र और चेहरे का दावा करने वाले दल में शामिल होने वाले दक्षिण के एक विधायक ने अलग बयान दिया और बताया कि दो विकल्प दिए गए थे। पहला, नोट और दूसरा, पद। उन्होंने दूसरा विकल्प चुना। पहला विकल्प उन्हें मिला या नहीं इसकी सूचना नहीं है। फिलहाल उन्हें दूसरा विकल्प भी नहीं मिला है। वे किसी पुराने दलबदलू से एक्सपर्ट ओपिनियन ले सकते हैं। शायद हम सबको मालूम है कि दूसरे से पहला अर्जित किया जा सकता है। जो हिंदी प्रेमी इस बात से दुखी हैं कि देश में अंग्रेजी के लिए एक और हिंदी के लिए दो दबाना पड़ता है। वे अब जान लें कि दूसरे (पद) का महत्व कितना अधिक है। हमारा लोकतंत्र परिपक्व होता जा रहा है। ऐसी पारदर्शिता और स्वीकारोक्ति इंग्लैंड और अमेरिका जैसे पुराने लोकतंत्र के लिए भी अभी तक एक अभिलाषा ही है। केंद्र सरकार को बचाने के लिए देशहित में एक क्षेत्रीय दल के सांसदों के बैंक खातों में रुपये डाले गए। सरकार और वे सांसद बच गए क्योंकि संसद में सांसद के व्यवहार को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। तत्कालीन मुखिया को रिश्वत के आरोप पर अवश्य ही अपने अंतिम समय में न्यायालयों के चक्कर काटने पड़े। इसी तरह हॉर्स ट्रेडिंग (खरीद–फरोख्त) के प्रमाण जुटाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों ने पता नहीं कितने चक्कर काटे होंगे परंतु चूंकि पृथ्वी गोल है अतरू वे वापस उसी स्थान पर पहुंच जाते हैं। अब वे इन विधायक की मदद ले सकते हैं कि उन्हें किसने और कितना ऑफर दिया था? दूसरों के ऑफर और उनके ऑफर में क्या अंतर था? यह खुलासा ध नलोलुप भावी दलबदलुओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। प्रायरू नेता गोल–मोल बात करते हैं परंतु उन्होंने अपने मन की बात की है और सच्चाई बयान की है। उन्होंने बता दिया कि उन्हें नोट नहीं मंत्री पद चाहिए ताकि वे समाज की सेवा कर सकें। ऐसे समाजसेवी व्यक्ति को समाजसेवा से वंचित रखना नाइंसाफी है। मैं भी ऐसी ही समाज सेवा करना चाहता हूं। पता नहीं मुझे समाज सेवा का सुअवसर कब मिलेगा?

## झाझड़िया के जज्बे से सोने-चांदी की झंकार

**देवेंद्र ने यह कामयाबी कोविड की चपेट में आने के बावजूद हासिल की। उनके वर्ग के लिये वजन न बढने देना भी एक चुनौती थी। कोच ने कहा कि एक किलो वजन बढने पर वे पदक से वंचित हो जाएंगे। फिर वजन नियंत्रित करने के लिये देवेंद्र ने गैस का सिलेंडर उठाना शुरू किया और सात किलो वजन कम करके पदक पाने की दौड़ में शामिल हो सके। निस्संदेह, देवेंद्र की तपस्या पैरा खिलाडियों के ...**

अरुण नैथानी

अक्सर हम देश की प्रतिभाओं को पहचान देने में बहुत देर कर देते हैं। जब देश के लोग टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में सोने का पदक लाने वाले नीरज चोपड़ा का पलक–पांवड़े बिछाकर स्वागत कर रहे थे, तब दो बार पैरालंपिक में सोने का पदक जीतने वाले देवेंद्र झाझडिया के बारे में बहुत कम लोगों को पता था। तब तीसरे पदक के लिये तैयारी कर रहे देवेंद्र झाझडिया की तरफ बहुत कम लोगों का ध्यान गया। देवेंद्र ने उस वक्त देश के लिये पैरालंपिक में सोने का पदक जीता, जब देश में पैरा खेलों की चर्चा भी नहीं होती थी। तब खेलों की सुविधाएं भी नहीं थी और सरकारी मदद भी नहीं। पैरा एथलीटों को बुनियादी सुविध ााएं नहीं मिलती थी। जब देवेंद्र ने देश के लिये पहला स्वर्ण पदक जीता तो पता नहीं था कि फिजियो व फिटनेस ट्रेनर क्या होता है। वर्ष 2004 में जब वह एथेंस के पैरालंपिक में भाग लेने जा रहा था तो खर्चे का जुगाड़ पिताजी ने किया। वे ही उसे हवाई अड्डे छोडने आये थे। तब पिता ने कहा था कि तुम कामयाबी हासिल करो तब ही सरकारें और संस्थाएं तुम्हारी प्रतिभा को पहचान देंगी। आज पिता नहीं हैं लेकिन पिता की बातें उसे सच होती दिख रही हैं। सरकारें अब पैरा खिलाडियों पर ध्यान दे रही हैं और ईनाम भी बरस रहे हैं। हालांकि, सामान्य ओलंपिक और पैरालंपिक का भेद कुछ हद तक नजरों में कायम है। बहरहाल, जब हम नीरज चोपड़ा व देवेंद्र झाझडिया की उपलब्धि ा की बात करते हैं तो याद रखना चाहिए कि देवेंद्र ने ये उपलब्धियां एक हाथ से हासिल की हैं। दरअसल, देवेंद्र जब 1981 में झाझडियों की ढाणी में एक जाट परिवार में जन्मे तो वह एक सामान्य बालक ही थे। आर्थिक तंगी थी लेकिन वह एक स्वस्थ बालक के रूप में आए। आठ वर्ष की अवस्था में बच्चों के साथ लुका–छिपी खेलते वक्त एक पेड़ में जा छिपे और ग्यारह हजार वोल्ट वाली तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये। हालात देखकर घर वाले डर गये थे कि क्या वह सुबह का सूरज देख पायेगा। डाक्टरों ने उनकी जान बचाने के लिये उनका एक हाथ काट दिया। उसके बाद उसकी आंखों के सामने अंध ोरा–सा छा गया कि जीवन कैसे चलेगा। जीवन से विरक्ति होने लगी। लेकिन पिता राम सिंह ने संबल दिया। धीरे–धीरे देवेंद्र बड़ा हुआ। खेलों में रुचि जगी। वह सामान्य लड़कों के साथ फुटबाल खेलता। पिता राम सिंह ने सलाह दी कि एकल खेल खेलो, जिसमें तुम्हारी प्रतिभा को पहचान मिलेगी। फिर उसने भाला फेंकने का अभ्यास किया। वह रेत के धोरों के बीच भाला फेंकने का अभ्यास करता। परिवार की स्थिति महंगा भाला दिलाने की नहीं थी। पहले खेत के सरकंडे तोड़कर उन्हें भाले की तरह फेंकने का अभ्यास किया। फिर खेजड़ी के पेड़ की लकड़ी से भाला बनाकर एकलव्य की तरह अभ्यास शुरू किया। रोज पांच–छह घंटे का अभ्यास। स्कूल स्तर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। बाद में उसके गुरु आर.डी. सिंह ने उसकी प्रतिभा को पहचान कर उसे प्रशिक्षण दिया। दसवीं पास करने के बाद उन्होंने उसे हनुमानगढ़ कस्बे के नेहरू कालेज में भर्ती कराया। देवेंद्र ने बी.ए अजमेर यूनिवर्सिटी से 2001 में पास किया और वर्ष 1995 में आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 67 मीटर दूरी तक भाला फेंक कर रिकॉर्ड बनाया। आर.डी. सिंह को पैरा खेल की शुरुआत करवाने वाले गुरु के रूप में जाना जाता है। उन्हें कालांतर में द्रोणाचार्य सम्मान भी मिला। देवेंद्र ने फिर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं की ओर रुख किया और वर्ष 2002 में बुसान एशियाड में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा लहराया। वर्ष 2003 में ब्रिटिश थ्रो, ट्रिपल जंप और शॉट फुट में तीन स्वर्ण पदक जीते। यह देवेंद्र के संकल्प और साधना का ही परिणाम था कि उसने 2004 के एथेंस और 2016 के रियो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। वर्ष 2020 के टोक्यो पैरालंपिक में भले ही वे स्वर्ण पदक नहीं जीत सके, लेकिन रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। चालीस साल की उम्र में भी पदक जीतना उनकी बड़ी उपलब्धि है। देश ने देवेंद्र की प्रतिभा का फिर पूरा सम्मान किया है। वर्ष 2005 में उन्हें खेल जगत का प्रतिष्ठित अर्जुन सम्मान मिला। फिर 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने उनकी प्रतिभा का सम्मान करते हुए देश का चौथा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान पद्मश्री दिया। यह सम्मान पाने वाले वे पहले भारतीय पैरा खिलाड़ी हैं। देवेंद्र कहते हैं कि यदि हमें पैरा खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां हासिल करनी हैं तो खेल विश्वविद्यालयों की स्थापना की जाए। ऐसे विश्वविद्यालय देश को उत्कृष्टता के उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं। देश के पास प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खिलाड़ी का स्थिर व शांत होकर लक्ष्य के प्रति केंद्रित होना भी बेहद जरूरी है। पैरालंपिक में भारतीय खिलाडियों की उपलब्धि इस बार ऐतिहासिक रही। वह भी तब जब कोरोना संकट के कारण खिलाडियों को अभ्यास के अवसर नहीं मिले। देवेंद्र ने यह कामयाबी कोविड की चपेट में आने के बावजूद हासिल की। उनके वर्ग के लिये वजन न बढने देना भी एक चुनौती थी। कोच ने कहा कि एक किलो वजन बढने पर वे पदक से वंचित हो जाएंगे। फिर वजन नियंत्रित करने के लिये देवेंद्र ने गैस का सिलेंडर उठाना शुरू किया और सात किलो वजन कम करके पदक पाने की दौड़ में शामिल हो सके। निस्संदेह, देवेंद्र की तपस्या पैरा खिलाडियों के लिये ही नहीं बल्कि हर आम व्यक्ति के लिये प्रेरणा की मिसाल है।

## जीवन की क्षणभंगुरता को याद करते जीना

**यदि हम इस चूहा–दौड़ की तमाम बेवकूफी को समझ पाने के लिए साहस पा लें और यह मान लें कि जिंदगी–मौत के बीच वाले अंतराल में भौतिक सफलताएं निरर्थक हैं, तो आत्महत्या करने की नौबत न बने, या फिर हम व्यर्थ की शून्यता भरी संस्कृति को बढ़ावा दिए जा रहे हैं। इसकी बजाय क्यों न हम इस तरह जीएं और सोच–समझकर एवं शिद्दत से हर उस घड़ी जब हम चल–पढ़ रहे हों...**

अविजीत पाठक

हर मौत याद दिलाती है रू हम अनिश्चितता में जीते हैं, इस फानी जगत को हल्के में लेते हैंदृ हमारी ताकत, प्रसिद्धि या हमारे पास मौजूद भौतिक सुविधाएं या सफलता की कहानियांदृ यह सब किसी भी क्षण बिना पूर्व सूचना छिन सकता है। फिर भी, हम नाजुक वजूद वाले इस मूल सच को नकारना चाहते हैं, हमें भूलना पसंद है और अपने सामान्य क्रिया–कलापों में पुनरू रम जाते हैंदृ श्सर्वश्रेष्ठ ही जीने लायक हैय के सिद्धांत वाली चूहा–दौड़ में सहमति से शामिल हो जाते हैं, अपने फुलाए अहंकार को तुष्ट करते और यह मान बैठते कि जीवन इसी तरह चलता रहेगा। लेकिन जब किसी मशहूर हस्ती की मौत होती हैदृ वह भी तब जब वह करिअर में ऊंचे मुकाम पर हो, तो यह खबर बन जाती है। यह विश्वास करना मुश्किल हो जाता है कि एक सितारा अपने आभामंडल, आकर्षण और पैसे के बावजूद यूं मर जाएगा रू ठीक वैसे ही जैसे मेरे और आपके जैसे रोजाना मरते हैं।

कोई हैरानी नहीं कि सिद्धार्थ शुक्ला की अचानक मौत ने हमें झिंझोड़कर रख दिया है। वह युवा और स्वस्थ थे। उनमें खिंचाव था, उनकी शारीरिक बनावट फिटनेस की गवाही देती थी, वे स्क्रीन पर मनमोहक दिखते थे और सबसे ज्यादा यह कि असंख्य दर्शक उन्हें पसंद करते थे।

लेकिन काल का ग्रास बनने से नहीं बच पाए। एक तरह से, उनकी अचानक हुई मृत्यु ने हम सबको असहज कर दिया है क्योंकि गहरे अंतस में यह हमारे उस दुनियावी नजरिए को ध्वस्त करता है, जिसको बहुत से लोग मानकर जीते हैं कि सदा महत्वाकांक्षी रहें, लोगों में दिखाई दें और मशहूर हों, चिर युवा दिखें और ऐसा करना आम बात माना जाता है। तथ्य यह है कि हमारे क्षणभंगुर वजूद का सच किसी से भेदभाव नहीं करता, मौत किसी भी वक्त दरवाजे पर दस्तक दे सकती है, चाहे फिर वह कोई सितारा हो या खरबपति।

हां, हम सिद्धार्थ को प्यार करते थे और हमें सदमा लगा है और इस दर्द की अपनी गहराई और तीव्रता है। जब भी कोई मौत होती हैदृ हमारे निकटवर्ती, पड़ोसी, राजनीतिक व्यक्तित्व, कलाकार इत्यादि तो हम मनोवैज्ञानिक संताप और किसी अपने को खो देने वाली भावना से गुजरते हैं।

यह समय है सिद्धार्थ की माता को अपनी प्रार्थना पहुंचाने का। लेकिन फिर यक्ष प्रश्न वही है रू जब तक आप और मैं जिंदा हैं क्या सदा मौत का पूरा आभास रखते हुए जीना संभव है, प्रत्येक क्षण का आनंद लेकर इसे अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है? या फिर हम मौत के बारे में न सोचकर यूं ही जीते रहें, और मान लें कि जिंदगी वही है, जिसमें हम अभिमान, महत्वाकांक्षा, डर, हिंसा और असुरक्षा के साथ जीते हैं? अखबारें, टेलीविजन, चौनल और सामाजिक मीडिया जल्द ही सिद्धार्थ को भूल जाएगा, उनके प्रशंसक भी अपनी दुनिया में रम जाएंगेदृ जहां दफ्तर, करिअर, पैसा, खरीदारी, दारूबाजी... इत्यादि सब पहले की तरह है।

यदि हम ताजिंदगी मौत के पूरे अहसास के साथ जीएं तो क्या यह हमें अनिवार्य रूप से निराशावादी, किसी और दुनिया में विचरने वाला और जिंदगी से विमुख माना जाने वाला इंसान बना देगा? या फिर हमें जीवन को पुनरू परिभाषित करने के काबिल बनाएगा, और हमें लचीला, अर्थपूर्ण और विनम्र बनाएगा? यह प्रतिबिंबित करना महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रोजाना वाली जिंदगी के वजूद के साथ इस जगत में क्या कर रहे हैं, जहां भौतिक तरक्की को पराक्रम माना जाए, अहंकार भरी उपलब्धियों का महिमामंडन, जीने का मतलब अनंत लड़ाई हो और जो धीमेपन, शांति और सुकून से दूर भागे।

हम बस दौड़ रहे हैं और दौड़े चले जा रहे हैं और सफलता की उपलब्धियां पाने वालों को सिर–आंखों पर बैठा रहे हैं, फिर चाहे यह खरबपति, खिलाड़ी, फिल्मी हस्ती या कोई आत्ममुग्ध राजनेता क्यों न हो। हमारे परिवार या स्कूलों में हमें सदा महत्वाकांक्षी, प्रतिस्पर्धी और उपलब्धि नीत होना सिखाया जाता है। क्या हम सच में गहराई से और शालीनता से जीते हैं? या फिर जिदंगी में मिथकों जैसी सफलता को पाने की हसरत में इस चूहा–दौड़ में शामिल हैं, हम साध ाारण में दिव्यता की झलक से महरूम हैं, मसलन, सूर्यास्त, बहती नदी, पेड़ों की वत्सल छांव तले चाय की चुस्कियां या अपने प्रियतम की आंखों में समुद्र की खोज करना आदि। क्या ऐसा नहीं है कि आज हम गुस्से और संताप के साथ जी रहे हैं, टूटे रिश्ते और अवसाद कम करने वाली दवाएं और जो कुछ हमारे पास हैं उसे खोने का गहरा डर जैसे कि प्रसिद्धि, चकाचौंध और पैसा? क्या यही वह है जिसे हम श्जिदंगीय की तरह लें।

यदि हम इस चूहा–दौड़ की तमाम बेवकूफी को समझ पाने के लिए साहस पा लें और यह मान लें कि जिंदगी–मौत के बीच वाले अंतराल में भौतिक सफलताएं निरर्थक हैं, तो आत्महत्या करने की नौबत न बने, या फिर हम व्यर्थ की शून्यता भरी संस्कृति को बढ़ावा दिए जा रहे हैं। इसकी बजाय क्यों न हम इस तरह जीएंदृ और सोच–समझकर एवं शिद्दत सेदृ हर उस घड़ी जब हम चल–पढ़ रहे हों, रसोई में काम करते वक्त या गिटार बजाते हुए। इस तरह हर वह क्षण अलौकिक एवं दिव्य बन जाता है, तीव्र जिंदगानी की इस घड़ी में कोई बिछोह नहीं होता, नर्तक खुद नृत्य बन जाता है, गवैया गीत में ढल जाता है।

ऐसी कोई मिथकभरी सफलता नहीं जो कल को हमें अमर बना दे। भावी कल तो अनिश्चितता दूसरा नाम है, कोई इसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता। केवल यही वर्तमान क्षण है जिसे हम जीने के लिए प्यार, अचरज और सृजना भरे उत्सव में बदल सकते हैं। हम आसमान के सितारों की तरह अजर–अमर नहीं हैं, हम तो तालाब–बगिया में खिले हुए नन्हे फूल की मानिंद हैं, जब कभी मुरझाने लगें तो आसमान में तैरते बादलों सरीखी तैरती सकारात्मकता अपना आकार बदल बारिश रूपी आशीर्वाद बरसाए।

आमतौर पर हमें उस श्आकारहीनय को रिश्वत देने को प्रशिक्षित किया जाता है, जिसे सुसंगठित धर्म ईश्वर बताते हैं। हम उसके सामने अपनी बेटी के लिए अच्छा घर–वर, बेटे की बढिया नौकरी या किसी प्रियजन की अनियंत्रित हो चुकी मधुमेह को अपने चमत्कार से ठीक करने जैसी अनेकानेक प्रार्थनाएं करते हैं।

ये प्रार्थनाएं न तो हमारी तरक्की करती हैं न ही इनसे यह अहसास करने का बल मिलता कि जीने–मरने की कला जानने के सिवा कोई और शक्ति नहीं है। मौजूदा पल को भरपूर जीने के लिए प्यार जगाने को अहंकार खत्म करने का अहसास या मशहूरी और सफलता की बेजा लालसा को मारना पड़ता है। क्या परिकल्पना से इस किस्म की प्रार्थना संभव है जो हमें जिंदगी–मौत और आकार–आकारहीन के बीच मेल के लिए तैयार करने वाली हो?

## बैट्री चोरी की बढ़ती घटनाएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा/कुशीनगर। नगर पंचायत सुकरौली निवासी सुनील गुप्ता की एचआर मार्का ईंट भट्ठे पर खड़ी दो ट्रैक्टरों की बैट्री बीते शनिवार की रात्रि में चोरी हो गई। नगर पंचायत सुकरौली अंतर्गत गणेशपुर में स्थित एम,आर मार्का ईट भट्ठे का संचालन कस्बा निवासी सुनील गुप्ता द्वारा किया जाता है।बरसात के कारण ईट भट्ठा बंद पड़ा है, ईट भट्ठा बंद होने के कारण विगत महीनों से ही सभी ट्रैक्टरों को भट्ठे पर ही खड़ा किया गया है। भट्ठे पर खड़ी दो ट्रैक्टरों की बैट्री चोरों ने बीते शनिवार को चुरा लिया। जिसकी पंजीयन संख्या यूपी 53 एएस 0396 आयशर यूपी 53 बी एस 8475 स्वराज 724 है। जिसकी लिखित सूचना वाहन स्वामी ने मुकामी पुलिस को दी। अभी कुछ दिन पहले ही नगर पंचायत सुकरौली स्थित नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर खड़ी ऑटो रिक्शा की बैट्री रात में चोरी हुई थी। चोरी की घटना उस समय हुई जब गाड़ी मालिक ऑटो रिक्शा को सर्विस रोड पर खड़ा करके रात में घर में सो रहा था। सुबह ऑटो रिक्शा के पास जाने पर पता चला कि ऑटो रिक्शा की बैट्री गायब है। और दूसरे ऑटो रिक्शा का डीजल पाइप कटा हुआ है और सारा तेल भी गायब है।नगर पंचायत सुकरौली निवासी पिंटू कश्यप तथा रामानंद ने नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर अपने दरवाजे के सामने खड़ा किए थे,जिसकी बैट्री रात में चोरी हो गई थी। तथा ध्रुप सिंह की बैट्री चोरों ने खोलने की कोशिश की बैट्री ना खुलने पर डीजल पाइप काटकर सारा तेल निकाल लिए थे, जिसकी सूचना ऑटो रिक्शा मालिक ने पुलिस को मौखिक दी।

## बीएसएफ जवान की हार्ट अटैक से मौत

### गांव शव पहुंचते ही उमड़ा जनसैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर।शनिवार सुबह 6 बजे अहमदाबाद में तैनात बीएसएफ जवान का हार्ट अटैक से मौत हो गया। शनिवार दोपहर हवाई प्लेन से जवान का शव लखनऊ एयर पोर्ट पहुंचा, उसके बाद लखनऊ से सड़क मार्ग द्वारा शव पैतृक गांव पहुंचा, शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अन्तिम विदाई दी गयी, शनिवार देर शाम 8 बजे गोला के मुक्तिधाम घाट पर बड़े पुत्र आयुष ने मुखाग्नि दी। खजनी विधान सभा क्षेत्र के परसिया गांव निवासी स्ववहरिहर मौर्य का पुत्र रुदल प्रसाद मौर्य 39 वर्ष गुजरात के अहमदाबाद में सूबेदार के पद पर तैनात था। वह परिवार के साथ फोर्स के बटालियन मे रहते थे,शनिवार को सुबह 6बजे टहलने निकले थे, रुदल को टहलने के दौरान हार्ट अटैक आ गया। और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े,आनन फानन मे जवानो ने अहमदाबाद अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। इसके बाद उनके परिजनों को मौत होने की सूचना दी गई। शनिवार दोपहर जवान का शव पत्नी व दो बच्चों के साथ पैतृक गांव परसिया पहुंचा। जहां खजनी विधायक संत प्रसाद, एसडीएम पवन कुमार, सी ओ बॉसगांव ने फोर्स समेत जवान को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दिया गया। जवान के शव के पहुंचते ही गांव में जन सैलाव उमड़ पड़ा। गांव के लोगों की आंखों में आंसू थे। यह तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे, ये अपने पीछे पत्नी के अलावा एक पुत्र आयुष 10 बर्ष व पुत्री आयुष्का 14 बर्ष पीछे छोड़ गये, दोनों बच्चे अहमदाबाद मे पढ़ाई की तैयारी कर रहे है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का फीता काटकर किया गया उदधाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

कुशीनगर।नवसृजित नगर पंचायत छितौनी के अंतर्गत



स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना महामारी के चलते प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला को बंद कर दिया गया था। पर इस महामारी पर अंशकालिक अंकुश लगने के बाद इसे प्रदेश सरकार के आदेश पर पुनः शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में रविवार को नव सृजित नगर पंचायत छितौनी निवासी तथा भाजपा नेता और व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संजय हमदर्द ने नगर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्यकर्मियों और अनेको वरिष्ठजनों की मौजूदगी में फीता काटकर इस मेले का उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि हर गरीब व बेसहारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने का बेहतरीन जरिया बना मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला एक बार फिर से शुरू हो गया है। जिससे समाज के हर वर्ग को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा मिलेगा।आरोग्य मेले में उपस्थित डॉक्टरो के एक समूह ने लगभग 40 मरीजों का इलाज किया। जिसमे शुगर जांच, सरदर्द, सर्दी, जुकाम, बुखार और पेट से सम्बंधित आदि बीमारियां थी।इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक मुकेश कुमार, महिला चिकित्सक इंदु देवी, फार्मासिस्ट शैलेश तिवारी व अन्य स्टाप सहित दर्जनों आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश श्रीवास्तव, विजय बर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

## शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र के अरदौना में रात में एक किराने की दुकान में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई, जिससे दुकान में रखे अधिकांश सामान जलकर खाक हो गए। जबकि उसे बुझाने में दुकानदार भी झुलस कर जख्मी हो गया। जिसका इलाज स्थानीय सीएचसी पर चल रहा है। ग्राम अरदौना में प्रमोद यादव की एक दुकान है। जिसे वह देर शाम बंद कर उसी में सो गए। देर रात को दुकान से धुआं व आग की लपटें उठने की जानकारी हुई। आनन–फानन में वह उठकर अपने हाथ पैर से ही आग बुझाने लग गए। आग बुझाने के दौरान ही प्रमोद झुलस गए।

# बैतालपुर डिपो के पास तेल के 22 धंधेबाज गिरफ्तार

(गौरीबाजार) देवरिया। बैतालपुर डिपो के समीप टैंकर से तेल चोरी कर बाजार में बेचे जाने का खेल पकड़ा गया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन व पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र की छापेमारी में 22 धंधेबाज गिरफ्तार किए गए। उनके खिलाफ गौरीबाजार थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मौके से तीन टैंकर व 5500 लीटर डीजल भी बरामद किया गया। बैतालपुर में इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड व हिदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के डिपो हैं। डिपो से टैंकरों के माध्यम से पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के अलावा नेपाल को डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति की जाती है। डिपो से बाहर निकलने पर टैंकरों से डीजल चोरी का खेल लंबे समय से चलने की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुबह 8.30 बजे पुलिस व पीएसी बल के साथ धंधेबाजों के ठिकानों पर छापा मारा। अधिकारियों की टीम को देख धंधेबाजों ने छिपाए गए डीजल को धान के खेतों में बहाना शुरू कर दिया। अनुमान है कि धंधेबाजों ने दो से ढाई हजार लीटर डीजल खेतों में बहा दिए। बैतालपुर डिपो से लेकर सिरजम चौराहे तक छापेमारी देर रात तक चलती रही। कुछ धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे। छापेमारी में यह रहे शामिलः छापेमारी में डीएम आशुतोष निरंजन, एसपी डा. श्रीपति मिश्र के अलावा एएसपी डा. राजेश कुमार सोनकर, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, साइबर क्राइम सेल के प्रभारी अश्वनी राय, कानूनगो अरविद त्रिपाठी, क्षेत्र के सभी राजस्व कर्मी शामिल रहे।

# विवेचनाओं के निस्तारण में फिसड्डी साबित हो रही पुलिस

महराजगंज। मुकदमा कराने के बाद पीड़ित को न्याय की आस रहती है, इसके लिए बाकायदा पुलिस विभाग ने भी आदेश जारी कर रखा है। नियम है कि 90 दिनों के भीतर मुकदमे की विवेचना पूरी कर केस डायरी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, लेकिन, यहां विवेचकों की मनमानी मानी जाए या फिर पहुंच वालों की दखल। जिसके कारण विवेचनाएं लंबित रह रहीं हैं। जिले में 805 ऐसे मुकदमे हैं जिनकी विवेचना अटकी हुई है, इसमें 105 विवेचनाएं छह माह से भी पुरानी हैं। इनके निस्तारण के लिए डीआइजी व एसपी निर्देश दे रहे हैं लेकिन, नतीजा न के बराबर है। वहीं पीड़ित न्याय के लिए भटक रहे हैं। जिले में 32 लाख से अधिक की आबादी पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 19 थाने बने हैं। हर माह औसतन सभी थानों में 50 से अधिक मुकदमे दर्ज होते हैं। इनकी विवेचना खुद निरीक्षक भी करते हैं व उप निरीक्षकों को भी दी जाती है। अहम बात यह है कि दहेज उत्पीड़न व एससीएसटी एक्ट के साथ ही कई अन्य मुकदमों की विवेचना क्षेत्राधिकारी व क्राइम ब्रांच करती है। जिले में दो महत्वपूर्ण मामलों में धान खरीद घोटाला और 1.54 करोड़ के मनरेगा घोटाला मामले की विवेचना भी करीब पांच माह बाद पूरी नहीं हो सकी। इतना ही नहीं, विवेचक पारदर्शिता से जांच नहीं कर रहे हैं। अभी ऐसे ही एक हत्या के मामले में सीजेएम महराजगंज ने साक्ष्यों के अभाव में चार साल बाद मामले की पुर्नविवेचना के आदेश दिए हैं। आंकड़ों पर अगर ध्यान दिया जाए तो जिले के थानों में 105 से अधिक ऐसे मुकदमे हैं जो छह माह से अधिक के पुराने हैं लेकिन, अभी विवेचना पूरी नहीं हुई और न ही न्यायालय में रिपोर्ट पेश की गई। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए थाना स्तर पर वादी–संवाद दिवस का आयोजन किया जा रहा है। पुराने मामलों के निस्तारण के लिए अभियान चलाया जाएगा।

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं: डीएम

महराजगज। जिले की चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 238 मामले आए, इसमें 25 का निस्तारण किया गया। शेष संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के लिए भेजा गया। निचलौल संवाददाता के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान पर कुल 72 मामले दर्ज किए गए। जिसमें से महज पांच मामला ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्ता युक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में उन्होंने आइजीआरएस की निस्तारित जन–शिकायतों की गुणवत्ता की परख के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को गांव में भेजा और समय से रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में बोदना निवासी अनिता शर्मा ने पंचायत सहायक पद पर नियुक्ति में धांधली का आरोप लगाया। बलहीखोर निवासी मोहन भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की, तो औराटार निवासनी रंजना पुलिस से क्षुब्ध होकर कार्रवाई की मांग की। जबकि सिसवा बाजार निवासी जवाहर मल्ल ने ट्रांसफार्मर लगवाने की गुहार लगाई। इन शिकायतों को सुन जिलाधिकारी ने जिम्मदारों को फटकार भी लगाई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, डीएफओ पुष्प कुमार के, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार उपाध्याय, तहसीलदार अरविद कुमार, खंड विकास अधिकारी रजत गुप्ता, सीएचसी अधीक्षक डा. राजेश द्विवेदी, सीडीपीओ मनोज शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा तहसील के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 47 मामले आए, इसमें आठ का निस्तारण किया गया। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी फरेंदा अभय गुप्ता ने किया। इस दौरान कुल 80 मामले आए। जिसमें आठ मामलों का निस्तारण किया गया। बाकी अन्य मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर दिया गया है। इस अवसर पर तहसीलदार फरेंदा वाचस्पति सिंह, थानाध्यक्ष फरेंदा गिरजेश उपाध्याय, पुरंदरपुर रवि कुमार राय, बृजमनगंज कमलेश प्रताप सिंह, कोल्हुई देवेंद्र प्रताप सिंह, वन क्षेत्राधिकारी फरेंदा विजय श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी फरेंदा अमरनाथ पांडेय, सहित जिम्मेदार उपस्थित रहे। नौतनवा संवाददाता के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम राम सजीवन मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें आए 39 मामलों में चार का निस्तारण किया गया। एसडीएम ने मातहतों को उनके कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करने की हिदायत दी। तहसीलदार राम अनुज त्रिपाठी, सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, नौतनवा इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, सोनौली प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय, परसामलिक थानाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, ईओ नौतनवा वीरेंद्र कुमार, सोनौली ईओ राजनाथ यादव आदि उपस्थित रहे।

## बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें कार्यकर्ता : राजेश तिवारी

महराजगंज। बृजमनगंज विकास खंड के फुलमनहा स्थित रमानाथ उमाशंकर इंटर कालेज में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाएं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव कि तैयारी में जुट जाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सपा व बसपा ने जनता को गुमराह किया। जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाह से देख रही है। 2022 में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी व प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को माला पहना कर स्वागत किया। विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अविनाश पाल,नागेंद्र प्रसाद शुक्ला, शरदेंदु पांडेय, कुंजबिहारी निषाद, रेनू गुप्ता, सदमोहन उपाध्याय, विजय सिंह एडवोकेट, विनय तिवारी, अमरमणि पासवान, संतोष जायसवाल, हनुमान प्रसाद, हृदय पांडेय, मोहम्मद कलीम सहित अन्य मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं का धरना 15 दिन के लिए स्थगित

महराजगंज। नौतनवा में राजस्व बार एसोसिएशन के सचिव राजेश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभागार में बैठक कर धरना प्रदर्शन व हड़ताल 15 दिनों के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। सचिव ने बताया कि 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन 14 वें दिन स्थगित कर दिया गया है। यदि 15 दिन के भीतर अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया और तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं हुआ तो अधिवक्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे। सतपाल सिंह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, लल्लन अंसारी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार, राजेश श्रीवास्तव, तरुण श्रीवास्तव, सूर्यनाथ सिंह, चंद्र कुमार वर्मा, शमशुद्दीन, संजय सोनी उपस्थित रहे।

## न्याय के लिए भटक रही पीड़िता

महराजगंज। एक पीड़िता न्याय के लिए बीते चार माह से नौतनवा थाना क्षेत्र के अड्डा चौकी के चक्कर काट रही है। मामला पति–पत्नी के अलग हो जाने के सुलहनामा के बाद रकम लेन देन का है। पीड़िता का आरोप है कि सीओ कार्यालय व नौतनवा थाना पर विवाद को लेकर सुलह हुआ। जिसमें पत्नी के अलग होने पर पति पक्ष द्वारा निर्धारण रकम देने की बात पर सहमति हुई।

## मामले के अल्पीकरण का आरोप

नौतनवा। सोनौली क्षेत्र के कैथवलिया उर्फ बरागदही गांव में चार दिन पूर्व हुए विवाद में पुलिस ने एक व्यक्ति को शांति भंग में चालान कर दिया। दूसरे पक्ष ने पुलिस पर मामले के अल्पीकरण का आरोप लगाया है। यह कि आरोपित पर महिला के साथ छेड़खानी की तहरीर दी गई थी, लेकिन पुलिस ने उसे शांति भंग में चालान कर दिया। सोनौली इंस्पेक्टर शशांक शेखर राय का कहना है बरगदही गांव में मामूली विवाद हुआ था। जांच में छेड़खानी का आरोप झूठा निकला है।

# महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर निकाला गया दुर्गा शक्ति जुलूस

दैनिक बुद्ध का संदेश

फरेंदा/महराजगंज। फरेंदा सीईओ सुनील दत्त दुबे के नेतृत्व में दिनांक 19ध09ध2021 दिन रविवार को महिला पुलिस बीट के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एवं जागरूकता फैलाने के लिए दुर्गा शक्ति जुलूस निकाला गया जो फरेंदा से चलकर कोल्हई बाजार बहदुरी बाजार मिश्रौलिया सोना बंदी होते हुए बृजमनगंज कोल्हई तिराहे पर पहुंचा।महिला पुलिस आरक्षियों के जुलूस को लोग हतप्रभ से देख रहे थे।जहां पहले से ही बृजमनगंज पुलिस मौजूद रही। उन्हें रोककर सभी पुलिस कर्मियों का सम्मान करते हुए नगर के पूर्व बी.डी.सी.खाद ब्यापारी बबलू उर्फ बालकृष्ण जायसवाल द्वारा जलपान एवं फलाहार कराया।क्षेत्र के ब्यापरियों के अंदर पुलिस



प्रशासन के प्रति आदर एवं सम्मान देखकर क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने कहा कि जब जनता मे पुलिस के प्रति सम्मान दिखे तब अपने आप अपराध खत्म हो जायेंगे।उन्होंने कहा कि आसुरी शक्तियों का विनाश करने वाली मां दुर्गा के नाम पर क्षेत्राधिकारी फरेंदा सुनील दत्त दुबे के द्वारा गठित दुर्गा विग्रेड का मूल उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करना है इस दुर्गा विग्रेड में 10 स्कूटी सम्मिलित है जिस पर दो– ––दो महिला बीट पुलिस अधिकारी रहेंगी ,यह ब्रिगेड स्कूल कालेजों तथा भीड़ भरे बाजार जहां महिलाओं का आवागमन रहता है रेलवे स्टेशन बस स्टेशन ,ब्यूटी पार्लर , चूड़ी व कॉस्मेटिक्स बाजारों में निरंतर भ्रमण शील रहेंगी तथा इन स्थानों पर खड़े शोहदों मजनुओं व कटोरा स्टाइल बालों वाले आवारा लड़कों पर नजर रखेगी उनकी काउंसलिंग करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर विधिक कार्रवाई करायेगी इसके अतिरिक्त महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों में पीड़िता के दरवाजे पर जाकर न्याय दिलाएंगी ।

महिला उत्पीड़न के मुकदमों की पीड़िताओं से उसके घर पर मिलकर फीडबैक लेंगी तथा महिलाओं बालिकाओं व बच्चियों में सुरक्षा की भावना विकसित करेंगी आज 12रू00बजे दिन सीओ फरेंदा सुनील दत्त दुबे व सर्किल के सभी थाना प्रभारी श्री गिरीश उपाध्याय श्री कमलेश प्रताप सिंह श्री देवेंद्र सिंह व रवि कुमार राय के साथ दुर्गा शक्ति जुलूस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## डॉक्टर आर के गौतम ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी डा आर के गौतम अपने आवास पर क्षेत्रीय विधायक डा विमलेश पासवान की मौजूदगी में एक कार्यक्रम आयोजित कर अपने भाई अजित गौतम, शिवदास,मेघनाथ,रमेश, मनोज, पिंटू, अरविंद सहित सैकड़ों लोगों के साथ भारतीय जनता पार्टी की



सदस्यता ग्रहण की। मंच का संचालन करते हुए मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह श्राजनश् ने गांव के लोगों की समस्याओं को अवगत कराया।प्रधान प्रतिनिधि दुर्गेश त्रिपाठी ने विधायक विमलेश पासवान को आपने गांव की विद्युत समस्या का ज्ञापन सौपा और अपने गांव की विद्युत सप्लाई को पकड़ी फिडर से जोड़ने के लिए आग्रह किया।इस मौके पर डा आर के गौतम ने गांव की कुछ समस्याओं जैसे सड़क,बिजली और पानी आदि से अवगत कराया विधायक सभी कार्य को पूरा करने का उन्हें भरोसा दिलाया । इस मौके पर विधायक ने कहा कि डॉक्टर गौतम के जुड़ने से हमारे दलित वर्ग का पक्ष मजबूत हुआ है। और दलित, कमजोर तपके की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। जिन्हें भी किसी प्रकार की समस्या हो बताएं सबकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि दुर्गेश त्रिपाठी, संतोष चन्द,रत्नेश तिवारी, नवनीत सिंह, रामप्रकाश मौर्य,दुर्गेश यादव,तबरेज,मुस्तफा सहित गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ जी महाराज की सातवीं पुण्यतिथि पर साप्ताहिक संगोष्ठी

दैनिक बुद्ध का संदेश



गोरखपुर।युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 52 वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर चल रहे साप्ताहिक संगोष्ठी के दूसरे दिन आजष् वैश्विक महामारी कोरोना एवं हमारा स्वास्थ्यष् विषय पर अपना विचार रखते हुए मुख्य वक्ता एम्स गोरखपुर की निदेशक डॉ सुरेखा किशोर ने कहा कि कोरोना महामारी एक वायरस के द्वारा होती है और एक दूसरे से संक्रमित होती है । यह वायरस स्वास्थ प्रक्रिया को प्रभावित करता है यदि हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है तो इस बीमारी से संक्रमण की के खतरे अधिक होते हैं। इस बीमारी का संक्रमण खांसने छींकने और छूने से फैलती है इसलिए इससे बचने के लिए मुंह पर मास्क लगाना और सामाजिक दूरी बनाए रखना बहुत आवश्यक है। इस बीमारी से अधिक समस्या उन्हीं को हो रही है जो हृदय, किडनी, लीवर के रोग ,शुगर रक्तचाप इत्यादि रोगों से पहले से ग्रसित है। इसमें ज्यादातर मरीज बहुत गंभीर हुए बिना भी ठीक हो जाता है । लगभग 5: लोग ही वेंटिलेटर पर जाते हैं। हमने यह भी देखा कि इस बीमारी से जो मानसिक रूप से भयभीत किए हैं उन्हें अधिक समस्या हुई है।

## चेयरमैन कामना त्रिपाठी ने किया धौरहरा में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले कैंप का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज' ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रत्येक रविवार को नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा



है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा। इसमें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा लोग ले सकेंगे। इसी क्रम में आज सोनौली नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं०4 माधवराम नगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया उक्त कैम्प का उदघाटन न०पं०सोनौली की अध्यक्ष कामना त्रिपाठी द्वारा रिबन काटकर किया गया ।इस अवसर पर कामना त्रिपाठी ने कहा कि मा०मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वास्थ्य की दिशा में यह अनोखी पहल है निश्चित रूप से इससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और मेरे क्षेत्र के लोगों को भी काफी लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मेले मे कोविड –19 के नियमो पर भी विशेष ध्यान दिया गया ।इस मौके पर मुख्यरूप से चिकित्सा अधिकारी डॉ०एस०के०त्रिपाठी,सभासद बेचन प्रसाद,अफरोज खान,प्रदीप नायक,अमीर आलम,पप्पू सिंह,अशुतोष त्रिपाठी सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

# राष्ट्रवादी व्यक्तित्व निर्माण के लिए स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर ।विश्व की सबसे शक्तिशाली संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलरामपुर का जनपद में प्राथमिक शिक्षा वर्ग का प्रशिक्षण गैसड़ी में संपन्न हुआ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्शों को बढ़ावा देता है, इसकी शुरुआत प्राथमिक शिक्षा वर्ग से होती है यहां लोगों को अपने जिले में संघ की विचारधारा की मूल बातें और संगठन के काम को लेकर 7 दिन की प्रशिक्षण दी जाती है,बलरामपुर जिला कार्यवाह, और संघ के प्रांत तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया ,राष्ट्र निर्माण के लिए, एक सप्ताह तक चलने वाले शाखा वर्ग में चयनित स्वयंसेवकों को प्रातः काल 4रू00 से रात 10रू00 बजे तक कठोर दिनचर्या से गुजरना होता है , इसकी शुरुआत सुबह के शारीरिक अभ्यास और योग से होती है ,जिसके बाद स्वयं सेवकों को ताजा मुद्दों पर ग्रुप डिस्कशन , आपदा के समय प्रबंधन,सुरक्षा से जुड़े खतरों की बुनियादी जानकारी दी जाती है, बिना हथियार के लड़ने की तकनीक भी बताया जाता है , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश में विकट समस्या उत्पन्न होने पर निस्वार्थ भाव से लोगों की मदद भी करते हैं, प्रशिक्षण में ऐसी शिक्षा की भावना लेकर घर जाते हैं,वर्ग के समापन में सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए जिला प्रचारक अनिल जी, जिला कार्यवाह किरीट मणि जी ,विभाग बौद्धिक प्रमुख राम कृपाल जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रशिक्षित कार्यकर्ता गणेश जी, आलोक जी, अभिषेक जी, उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चंद राम जी,भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू जी,, उमाकांत जी, श्याम सुंदर जी, और अन्य समाजसेवियों के साथ समरसता भोज का आयोजन भी किया गया इसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे,



# बहुजन समाज पार्टी दुद्धी विधानसभा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।म्योरपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत किरविल में रविवार को बहुजन समाज पार्टी दुद्धी विधानसभा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन अवधेश प्रसाद पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई जिस के मुख्य अतिथि मिर्जापुर मंडल इलाहाबाद मंडल एवं फैजाबाद मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी विश्वनाथ पाल ने संबोधित किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मिर्जापुर मंडल के सेक्टर प्रभारी जय शंकर पाल जिला पंचायत सदस्य मिर्जापुर रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री माननीय सुभाष खरवार ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन मिर्जापुर मंडल के सेक्टर प्रभारी रामविचार गौतम ने किया मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी में सर्व समाज का कल्याण निहित है बसपा में ही मौर्य कुशवाहा नाई पाल गडेरी गुप्ता जोहार अगरिया चौहान सभी समाजों का सम्मानित है बसपा में सभी जातियों को सम्मान दिया जिससे सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की तत्पर सरकार चलाने का निश्चय किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि जब बसपा सरकार थी तो बसपा ने सभी वर्गों को सम्मान देते हुए सभी समाज के लोगों को कैबिनेट मंत्री बना करके उन समाज के लोगों को सम्मान दिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, सुनील प्रजापति ओबीसी समाज के विधानसभा संयोजक बाबूराम प्रजापति सहसंयोजक संदीप भारती विधानसभा अध्यक्ष अनिल मौर्या, रामनंदन भास्कर, श्याम बिहारी कश्यप, जगजीवन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष देव साय उरेती, विरझन राम पनिका, शेरा पनिका, प्रेमचंद यादव, सूरज देव यादव, रामदयाल यादव, भागवत यादव, रामस्वरूप प्रजापति, अनिल प्रजापति, सन्तोष प्रजापति ,राम सजीवन प्रजापति, राम मदन प्रजापत, हरि नारायण पटेल, मुकेश प्रजापति की, चंद्र देव प्रजापति ,मोहन पनिका, तिलकधारी प्रजापति, राधेश्याम मरावी, अवधेश यादव,शिवप्रसाद खरवार, गणेश खरवार, कमलेश भारती, लोलाई प्रजापति,महेंद्र गोंड, राम ब्रिज , राजेश रावत, त्रिभुवन भारती, राधे श्याम पनिका आदि हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए और माननीय बहन कुमारी मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।



# बुखार से तीन बच्चों की मौत जांच करने पहुची डाक्टरों की टीम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जुगेल थाना अंतर्गत रेणुकापार आदिवासी क्षेत्रों में अज्ञात बुखार से तीन बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य टीम ने गांव में डेरा डाल दिया है। गांव में कैम्प लगाकर टीम बुखार पीड़ितों की जांच की जा रही है और दवाएं दी जा रही हैं। चोपन ब्लाक के अगोरी खास के रेणुकापार आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में अज्ञात बुखार से दो दिन तीन बच्चो की मौत से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान द्वारा सूचना मिलते ही गांव में स्वास्थय व जिला प्रशासन की टीम ने डेरा डाल दिया है । ग्राम प्रधान अगोरी राम प्रताप साहनी ने बताया कि दो दिन में लगातार तीन बच्चों की अज्ञात बुखार से मौत हुई है। इसमें 8 वर्षीय विजय पुत्र मुन्ना की 13 सितम्बर को फिर बीती रात एक वर्षीय संतोष पुत्र गुड्डू और ढाई वर्षीय विनय पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम पंचायत अगोरी टोला करजी की मौत हो गई। स्वास्थ्य महकमा में सूचना मिलते ही तुरंत डॉक्टरों की टीम व ओबरा तहसीलदार मौके पर पहुंचे। जो बच्चे बीमार है उनको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया और शेष बच्चों को जांच करके उन्हें दवा दी गई। स्वास्थ्य टीम मुर्गीड़ड़, गरदा दोनों में जांच कर दवा दी समाचार लिखे जाने तक स्वास्थ्य टीम वापस नहीं आई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक सुभाष चंद्रा ने बताया कि टीमे लगाई गई है। टीम लगातार पीड़ितों की जांच कर दवाएं उपलब्ध करा रही है। प्रभावित गांवों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वही गम्भीर पीड़ितों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

# बलरामपुर पहुंचे राज्य मंत्री मनोहर लाल गिनाई सरकार की उपलब्धियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। राज्यमंत्री मनोहर लाल पहुंचे यूपी के जनपद



बलरामपुर जहां उन्होंने सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियां गिनाई साथ ही इस मौके पर उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में सरकार की लोक कल्याण कारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा ट्राई साइकिल वितरण किया गया बलरामपुर जिले के दौरे पर पंहुचे राज्य मंत्री मनोहर लाल श्रम एंव सेवानियोजन के द्वारा सरकार के साढ़े 4 वर्ष पूरे होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए गए हैं और आज प्रदेश की जनता तमाम योजनाओं से बेहतर तरीके से लाभान्वित हो रही है हर दूर दराज गांवों के ग्रामीणों तक सरकार की योजना पंहुच रही है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बढ़ते हुए जनाधार को देख कर विरोधी पार्टियों में खलबली मच गई है और पार्टियों द्वारा झूठा हल्ला मचाया जा रहा है।और हमारी पार्टी जो भी कदम उठा रही है बहुत सोच समझकर उठा रही हैं जिसमें जनता व देश का हित है 2022मे भी हमारी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनायेगी।

# लोकतंत्र सेनानी रहे योगेश शेखर को पुण्यतिथि पर किया याद

## बेमिसाल व्यक्तित्व के धनी थे योगेश शेखर जी– डॉक्टर गोपाल सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोंनभद्र । जनपद के लोकतंत्र सेनानी, प्रखर समाजसेवी, पत्रकार और साहित्यकार तथा सोन साहित्य संगम सोनभद्र के संस्थापक निदेशक रहे स्वर्गीय योगेश शुक्ला उर्फ योगेश शेखर जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके निज आवास ष्योगीताश्रमष् में श्रद्धाजंलि सभा आयोजित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान सोन साहित्य संगम के तत्वाधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं कवि गोष्ठी सर्वप्रथम स्मृति शेष योगेश शेखर जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें शत–शत नमन किया गया। अध्यक्षता संत कीनाराम महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 गोपाल सिंह ने एवम संचालन सोन साहित्य संगम के संयोजक अधिवक्ता राकेश शरण मिश्र ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के निदेशक अजय शेखर जी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार कथाकार रामनाथ शिवेंद्र, जगदीश पंथी, सुशील राही एवं प्रख्यात गीतकार डॉ रचना तिवारी उपस्थित रहीं। इसके बाद कवि सरोज सिंह द्वारा माँ सरस्वती की वंदना कर विधिवत शुरुआत की गई। योगेश जी की स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा मुख्य अतिथि अजय शेखर जी का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद उपस्थित कवियों में मुख्य रूप से जगदीश पंथी सुशील राही, डॉ रचना तिवारी,प्रदुम्न तिवारी,अशोक तिवारी, राकेश शरण मिश्र ने अपने सुंदर काव्य पाठ से उपस्थित श्रोताओं को काव्य रस में सराबोर कर दिया। वही मुख्य अतिथि अजय शेखर ने योगेश शुक्ला के साथ बिताए गए समय को याद करते हुए उन्हें विशाल ब्यक्तित्व का स्वामी बताया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ शिवेन्द्र ने कहा कि योगेश जी पूर्ण मनुष्य थे और उन्हें शब्दो मे या कविताओं में नही बांधा जा सकता। विंध्य संस्कृति शोध समिति के निदेशक दीपक केशरवानी ने कहा कि विंध्य रत्न से सम्मानित योगेश जी के बारे में कुछ भी कहना सूरज को दिया दिखाने के बराबर होगा। भाजपा नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता, सपा नेता हिदायत उल्ला खान, समाजसेवी शशांक शेखर कात्यायन ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें महान समाज सेवी,बेमिसाल ब्यक्तित्व का स्वामी बताया। कार्यक्रम में रामदेव मौर्य,जितेंद्र सिंह,अजय पांडेय, रामकुमार शर्मा,रामजग मौर्य,जितेंद्र सिंह,राकेश अरिमर्दन,शैलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, मनीष पांडेय, एवम नगर के अनेकों संभ्रांत लोग उपस्थित थे।

# अपने उच्चाधिकारियों की भी नहीं सुनते थाना अध्यक्ष हरैया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर की पुलिस अपनी नाकामियो को छिपाने में कितनी माहिर है इसका अंदाजा हरैया थानाक्षेत्र के ग्राम लखौरा मे घटित एक दुष्कर्म के मामले से लगा सकते हैं बताते चलें कि एक बालिका के साथ दिनांक 20 जून 2021 को दिन में घटित दुष्कर्म के मामले की शिकायत संबंधित थाने में पीड़िता की मां ने दे दिया इसके बाद वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक बार बार चक्कर लगाती रही घटना को संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी राधारमण सिह ने महिला थाने से मामले की पुष्टि भी कराई तथा थानाध्यक्ष हरैया को संबंधित मामले का रिपोर्ट दर्ज करने का मौखिक निर्देश दिया पीड़िता की शिकायती प्रार्थना पत्रपर दे दिया उसके बाद भी स्थानीय थाने की पुलिस ने ना तो संबंधित मामले का मुकदमा दर्ज किया बलिक लगातार पीड़ित परिवार को दौड़ती रही और इस प्रकार 2 माह बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सका पीड़िता ने इस बीच 2 बार आयोजित समाधान दिवस में भी आवेदन कर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की उक्त प्रकरण में जब थाना अध्यक्ष हरैया मामले में बराबर लीपापोती टालमटोल कर रहे हैं जबकि उच्च अधिकारियों ने संबंधित मामले में मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश भी दिया ऐसे में उक्त थाना अध्यक्ष अपने उच्चाधिकारियों के भी दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर रहे है जो चिंता का विषय है ऐसे में पीड़िता को न्याय कैसे मिलेगा यह भगवान भरोसे ही है उक्त प्रकरण के संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर राधारमण से दूरभाष द्वारा जानकारी तो उन्होंने बताया कि मामले मैं मुकदमा पंजीकृत प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# अमर शहीद राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का मनाया गया 164 वा बलिदान दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

डाला,सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर आदिवासियों और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वधान में 1857 के अमर शहीद गोंडवाना साम्राज्य के राजा शंकर शाह एवं उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह की 164 वी बलिदान दिवस के अवसर पर पंचायत भवन पनारी में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने वीर सपूतों के प्रतिमा पर हल्दी चावल और फूलों से श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके साहस वीरता को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देवसिंह उईके ने कहा की–ष् ये दोनों वीर सपूत देश के लिए कुर्बान हो गए मगर माफी नहीं मांगी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में रहे गोगपा के प्रदेश महामंत्री रमाशंकर सिंह गोंड ने अपने वक्तव्य में कहा कि ष् ऐसे महान वीर सपूतों से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए। भले ही इन दोनों का बलिदान इतिहास के पन्नों पर दर्ज न हो लेकिन आदिवासियों के जुबा पर अजर अमर हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकरणीअध्यक्ष अशर्फी सिंह परस्ते ने कहा कि–ष् जिस तरह राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने हक, अधिकार दिलाने और भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अंग्रेजों द्वारा तोप में बंधकर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी, यह त्याग और बलिदान हमारे लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्वतंत्रता सेनानी के प्रपौत्र ओमप्रकाश सिंह गोंड ने कहा कि–ष् ऐसे महान शहीदों के साहस वीरता को कभी नहीं भूलना चाहिए। बलिदान दिवस कार्यक्रम में राजेंद्र टेकाम, अमर शाह खरवार, राजबली गोंड, हीरा लाल मरपची, कैलाश नाथ प्रजापति, रामसिंह गोंड, सहदेव सिंह आयाम, चंद्रिका प्रसाद गोंड, एडवोकेट संतोष भारती, शिक्षक संतोष कुमार मरकाम , ज्योति विश्वकर्मा सहित दर्जनों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# थाना गौरा ने मंदबुद्धि व्यक्ति को परिवार से मिलाया,पेश की मानवीय मिसाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद के थाना गौरा चौराहा के अंतर्गत एक मंदबुद्धि का व्यक्ति मिला जो अपना नाम राम करन पुत्र शिवचरन निवासी खखरा खखरी थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर बता रहा है उम्र लगभग 18 वर्ष बता रहा था कि की उपयुक्त व्यक्ति को थाने पर लाया गया मालूम किया गया की वह व्यक्ति थाना गुलाबरा से दिनांक 30ध08 ध21 से गायब था जिनके परिवारी जन शिवचरण पुत्र राम दुलारे व चक बहादुर राम सजन शर्मा व राजकुमार विश्वकर्मा निवासी गण खाखरा खखरी थाना गोल्होराजनपद सिद्धार्थनगरको द्वारा टेलीफोन से बुलाकर परिवारी जनों को सुपुर्द किया गया।

# हेतिमपुर पुल के निचे मिले शव का पर्दाफाश, प्रेमप्रसंग में की गई हत्या

दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा/कुशीनगर। हेतिमपुर पुल के नीचे मिला शव किसी और का नहीं बल्कि कसया के एक चिकन व्यापारी सुकुरुल्लाह का था जिसे साजिश के तहत हत्या के दिन बहला फुसलाकर हाटा ले जाया गया और देर रात हाटा से कसया जाते समय हेतिमपुर पुल के पास गाड़ी रोककर गाड़ी के क्लच वायर से गला घोंटा गया और बाद में चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गयी और शव को पुल के नीचे फेंककर आरोपी फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने सुकुरुल्लाह की पत्नी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार कुशीनगर नगरपालिका के चेयरमैन के पुत्र ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर सुकुरुल्लाह की बाइक के क्लच के वायर और चाकू से गला रेतकर हत्या की थी। और घटना को अंजाम देकर महुआडीह थाना क्षेत्र के हेतिमपुर के पास 14 सितम्बर की रात में शव को पुल के नीचे फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक श्रीपति मिश्र ने शनिवार को पुलिस लाइंस में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कसया के दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी चिकन विक्रेता सुकूरुल्लाह की हत्या कर हेतीमपुर के पास शव को फेंक दिया गया था। देवरिया पुलिस ने मृतक के भाई अब्दुल्लाह के तहरीर पर महुआडीह थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या और शव छिपाने का मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी थी। जाँच में पुलिस को मृतक की पत्नी के मोबाइल कॉल डिटेल से अहम सुराग हाथ लगा था। पुलिस ने देर न करते हुए कुशीनगर नगरपालिका के चेयरमैन साबिरा खातून के पुत्र मोहम्मद सैफ को लेकर जब पूछताछ शुरू की तो सैफ ने हत्या का राज उगल दिया और बताया कि सुकूरुल्लाह की पत्नी कसीरुन निशा से उसके प्रेम संबंध थे जिसकी भनक सुकूरुल्लाह को लग गयी थी। और इसी वजह से कसिरुन निशा ने अपने पति सुकूरुल्लाह को रास्ते से हटाने के लिये अपने प्रेमी मोहम्मद सैफ से बात की। सैफ ने अपने संविदा वाहन चालक नासिर निवासी सिरसिया थाना कप्तानगंज और कसया निवासी शना उर्फ अबरार के साथ मिलकर सुकूरुल्लाह की हत्या की योजना बनाई। घटना के दोनों अपने बाइक से सुकूरुल्लाह को लेकर हाटा गये और जमकर उसे शराब पिलायी। इसके बाद कसया लौटते समय हेतिमपुर के पास बाइक के क्लच वायर और चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। और शव को पुल के नीचे फेंक दिया।पुलिस ने मुख्य आरोपी मृतक की पत्नी कसिरुन निशा, मोहम्मद सैफ, शना उर्फ अबरार और नासिर को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू और दोनों बाइक बरामद कर ली है।



# खतरनाक रसायन से बनी चाय पत्तियों पर रोक लगाने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में बढ़ते मिलावट खोरी से जहां आम जनता को जगह–जगह जहर परोसा जा रहा है वही जनपद बलरामपुर में तैनात इसके अधिकारी मौजूद आ रहे हैंमिलावटखोरी का यह आलम है कि जनपद के अधिकांश नगर क्षेत्रों में तीज त्योहार ही नहीं आम दिनों सरेआम मिलावटी मिठाइयां आम जनता को स्लो प्वाइजन की तरह दिया जा रहा है पर यहां के सक्षम अधिकारियों को यह चीजें दिखाई नहीं देती हैं ऐसा नहीं है कि इन सब की उन्हें जानकारी नहीं है सच्चाई तो यह है कि जनपद में हर छोटी–बड़ी घटनाओं की इन्हे मुकम्मल जानकारी होती है वर्तमान में नकली सामानों ब्रांडेड सामानों की डुप्लीकेट सामानों का बाजारों में भरमार है पर इन्हें बेचने वाले कोई मामूली व्यापारी नहीं है करोड़पति व्यापारी हैं जिन पर हाथ डालना किसी खतरे से कम नहीं है जिले के ज्यादातर होटलों में दुबलीकेट चाय पत्तियों की भरमार है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है पर तत्काल प्रभाव से जिले के सक्षम अधिकारियों को जनहित में रोक लगाने की जरूरत है। उक्त प्रकरण में जब खाद सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि आज केवल दूध का सैंपल लिया गया है चाय पत्ती की नमूना नही ली गई है।

# प्रधानमन्त्री के 71वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

महाराजगंज' ।महराजगंज के नौतनवा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वे जन्मदिन एक नये अन्दाज में मनाया गया । जो नौतनवा में एक मिशाल कायम हुआ । चेयरमैन गुड्डू खान अपने जनता के लिए उनके हित एक से एक कार्य करते आये है । नौतनवा पालिका सेवा एवं समर्पण लोगों के लिए मदद व सेवा का अभियान बनता जा रहा हैं ।प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जहॉ पूरे भारत मे 2 करोड से उपर विश्व रिकार्ड कोविड वैक्सिनेशन हुआ वही आज नौतनवा नगर चेयरमैन गुड्डू खान की अगुआई में , सिटी हॉस्पिटल एन्ड क्रिटिकल केयर सेन्टर, नौतनवा में फ्री रक्तदान शिविर लगाकर 'सेवा एवं समर्पण अभियान, को सार्थक बनाया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी नन्दलाल जायसवाल ने बताया कि नौतनवा चेयरमैन ने रकतदान शिविर लगाकर सामाजिक सद्भावना की मिशाल पेश कर प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन का जो तोहफा दिया है उसे इतिहास हमेशा याद रखेगा ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि 66वी बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंड जंग बहादुर यादव ने कहा कि आज जिन्होंने रक्तदान किया है वो हमेशा याद किये जायेंगे।



# पीस पार्टी की स्वराज यात्रा सैकड़ों गाड़ियों के साथ प्रदेश प्रभारी पहुंचे बलरामपुर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पीस पार्टी ने 2022 चुनाव को लेकर ठोका ताल पीस पार्टी संपूर्ण स्वराज्य यात्रा लेकर पहुंचे बलरामपुर सैंकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथउत्तर प्रदेश प्रभारी इंजिनियर मो0 इरफान श्रावस्ती, बलरामपुर बॉडर पीस पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने फुल का मामला पहना कर किए जोरदार स्वागत काफिले के साथ प्रदेश प्रभारी इंजिनियर मो0 इरफान पहुंचे आदित्या होटल जहां पर पीस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ा फुल का माला पहना कर किए जोरदार स्वागत सैंकड़ों कार्यकर्ताओं रहे मौजूद 2022 के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरे प्रदेश प्रभारी इंजिनियर मो0 इरफान मंच पर जिला अध्यक्ष पत्रकारों से बात करते हुए पीस पार्टी के प्रदेश प्रभारी इंजीनियर मो0 इरफान ने बताएं कि 250 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए आवेदन आ चुके हैं सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है अभी किसी पार्टी से गठबंधन नहीं हुआ पीस पार्टी गरीब मजदूर मजलूम किसानों की पार्टी है इसमें डॉक्टर इंजीनियर सभी का सहयोग है बलरामपुर सदर सुरक्षित सीट पर जगराम पासवान का टिकट और प्रभारी बनाया गया है उतरौला विधानसभा से मौलाना अरबाब फारुकी को टिकट दिया गया है और प्रभारी बनाया गया है

# जिला युवा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को नेहरू युवा केन्द्र सीतापुर की जिला युवा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान वार्षिक कार्ययोजना पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों से अपेक्षा की कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार.प्रसार में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही निर्देश दिये कि संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी के समन्वय में रहें। स्वास्थ्य विभाग के कोविड टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाये जाने संबंधी महत्वपूर्ण योजनाओं में सहयोग किये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने बताया कि वर्ष 2021.22 की वार्षिक कार्ययोजना में आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत व्यापक प्रचार.प्रसार एवं प्रशिक्षण दिये जाने की योजना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त कोविड.19 के दृष्टिगत जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। आपदा प्रबंधन के अन्तर्गत ब्लॉक लेवल डिजास्टर रिस्पांस टीम और फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स के रूप में कार्य किये जाने का प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। फिट इण्डिया मूवमेंटए स्वच्छता अभियानए जल अभियानए यूवा क्लबों का गठन कार्यक्रमए राष्ट्रीय महत्व के विशेष दिवसों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी कार्ययोजना में प्रस्तावित किया गया है। जिला युवा अधिकारी ने यह भी बताया कि राष्ट्रवाद एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

महात्मा गांधी जी की 150 वीं जन्म जयन्ती के अवसर पर भी स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करने एवं स्वच्छता का वातावरण बनाने के प्रति जागरूकता हेतु भी कार्यक्रमों का आयोजन वर्ष 2021.22 की कार्ययोजना में प्रस्तावित है। बैठक के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी विष्णु पाल, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र रोशनी पटवा, लीड बैंक मैनेजर प्रीती पाण्डेय, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा जिला समन्वयक यूनीसेफ नीतेश सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कीचड़ व जलभराव के कारण ग्रामीणों में रोष, कई बार की जा चुकी है प्रधान व सचिव से शिकायत

सकरन (सीतापुर)। विकासखंड की ग्राम पंचायत सकरन में कीचड़ व जलभराव के कारण लोगों को आने जाने व अपने वाहन निकालने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार मार्ग ठीक करवाये जाने की गुहार प्रधान व पंचायत सचिव से लगायी जा चुकी है। मगर खराब पड़े मार्ग ठीक नहीं करवाये गये जिससे ग्रामीणों में काफी रोष ब्याप्त है। अगर सचमुच गांवों का बिकास देखना हो तो ग्राम पंचायत सकरन आ जाइए जहां आपको बिकास बोलता हुआ नजर आयेगा। ग्राम पंचायत के सभी कीचड़ युक्त रास्ते जलभराव व बजबजाती नालियां आप के स्वागत में हर समय तैयार रहती है। बतातें चलें कि मेन रोड से रमेश यादव के घर तक पंचायत घर से गंगा प्रसाद शुक्ल के घर तक राममनोरथ मिश्र के घर से अविनेश गुप्ता के घर तक मेन रोड से नत्थू धोवी के घर तक सुरेश भारती के घर से नेहरू जूनियर हाई स्कूल तक विगत चार वर्षों से गड्ढा युक्त रास्ते होने के कारण जरा सी भी बारिश में कीचड़ व जलभराव हो जाता है।

इसके अलावा रास्तों के किनारे नालियां न बनी होने की वजह से बरसात का पानी रास्तों पर ही जमा हो जाता है जिससे लोगों को आने जाने व अपने वाहन निकालने में भारी परेशानी होती है। यहां तक कि ग्राम पंचायत का कोई भी रास्ता ठीक न होने के कारण लोगों के रिश्तेदार भी आने से कतराते रहते हैं। ग्रामीण बीरेन्द्र कुमार, मनोहर लाल, नेवल किशोर, दिनेश कुमार आदि ने बताया कि खराब पड़े रास्तों को ठीक करवाये जाने के लिये प्रधान व पंचायत सचिव से कई बार कहा जा चुका है। मगर रास्तों को ठीक नहीं करवाया जा सका है। थक हार कर ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर रास्ते ठीक करवाये जाने की मांग की है।

# सरकार की सभी लाभप्रद योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाए: जिलाधिकारी

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए जेल भेजें: अविनाश कुमार

हरदोई।तहसील सण्डीला में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये सरकार की विकास योजनाओं को समयबद्व तरीके से पूरा करायें और सरकार की सभी लाभप्रद योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पट्टे,चकरोड,तालाब आदि सरकारी भूमि पर कब्जों की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि पर कब्जे एवं विवाद से सम्बन्धित समस्त शिकायतों का निस्तारण गांव में जाकर ग्राम प्रधान व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष करायें और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए जेल भेजें। ब्लाक कोथावां के ग्राम शिवपुरी में पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा चयनित स्थान पर पंचायत भवन न बनाये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि बिना प्रस्ताव पंचायत भवन का निर्माण कराने के सम्बन्ध में उक्त ग्राम प्रधान के विरूद्व नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि समस्त निराश्रित गौशालाओं का निरीक्षण करा लें तथा किसी भी गौशाला में जल भराव नहीं होना चाहिए और जिस निराश्रित गौशाला में जल भराव पाया जायेगा वहां के ग्राम प्रधान एवं सिक्रेटेरी पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। विद्युत विभाग की शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने एसडीओ विद्युत सण्डीला आशीष मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये सभी प्राप्त शिकायतों निस्तारण सायंकाल तक निस्तारित कराकर आख्या प्रस्तुत करें। पेंशन सम्बन्धी शिकायतों पर उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन पात्र लोगों की पेंशन किसी कारण रूक गयी है उनकी पेंशन बहाल कराये और नये ऑनलाइन पात्र व्यक्तियों प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच कराकर स्वीकृत के लिए विभाग को प्रेषित करें।

बैंक से सम्बन्धित शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिये कि विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत पात्र लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध करायें। उन्होने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस,थाना दिवस, शासन एवं जनता मिलन से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय पर गुणवत्ता परक करायें। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सण्डीला मनोज कुमार श्रीवास्तव, एसओसी चकबन्दी बीएन उपाध्याय,पीडी, डीडी कृषि,जिला उद्यान अधिकारी सुरेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्दि मिश्रा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष तथा भारी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने शौच कर रही युवती को रौंदा, बाइक सवार सहित युवती घायल

सकरन (सीतापुर)। सकरन थाना क्षेत्र अन्तर्गत तेज रफ्तार बाइक सवार रोड के किनारे शौंचकर रही युवती से टकरायी बाइक सवार समेत युवती घायल ग्रामीणों की मदद से दोनों को अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुशार सकरन थाना क्षेत्र के दुगाना गांव के पास मंगलवार की साम करीब सात बजे गांव की महिलायें रोड के किनारे शौच के लिये गयी थी। तब तक मतुआ की ओर से आ रहे एक बाइक सवार ने पूजा नाम की एक युवती को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार समेत युवती गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल पूजा नाम की युवती सकरन के दुगाना की व बाइक सवार मनोज सरैंया कला थाना सकरन का बताया जा रहा है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से दोनों को इलाज हेतु सीएचसी सांडा भेज दिया गया है।

## कुदरत की मार से गन्ना धान उरद की फसल को भारी नुकसान किसान परेशान

पहला (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में पिछली रात 15 सितंबर से मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। बारिश और हवा के एक साथ आने से ग्रामीण इलाकों में फसलों को भारी नुकसान हो गया है और गन्ना धान भूमिडोज हो गया है और समूचे क्षेत्र में लोग जलभराव का सामना कर रहे हैं। बारिश का दौर कई जिलों में बृहस्पतिवार को दोपहर से शुरु हुआ था लेकिन रात में कई जिलों में तेज बारिश और हवा का सिलसिला चल पड़ा है। मूसलाधार बारिश के चलते फसलें गिर गई हैं। तेज हवा से कई जगह पेड़ गिर गए हैं। ग्रामीण इलाकों में एहतियातन बिजली काट दी गई है। ज्यादातर इलाकों में काले.काले बादल छाए हुए हैं। मौसम का ये बदला रुख किसानों के लिए खतरे की घंटी है। किसान पहले से ही परेशान था ऊपर से बारिशारिश के साथ हवा चल रही है। इसलिए ये बारिश धान.गन्ना और दूसरी फसलों के लिए नुकसानदायक है। धान बालियां आ गईँ हैं वो फसल गिर गयो। और जिसमे फूल आएंगे वो भी गिर जाएंगे तो दोनों का असर पैदावार पर पड़ेगा।

## खड़न्जे का काम पूरा किये बिना बिसेन्दा प्रधान ने निकाला पूरा पैसा

बिसवां नगर (सीतापुर)। ब्लॉक बिसवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिसेन्दा में ग्राम प्रधान द्वारा बिना पूरा काम करवा ब्लॉक कर्मचारियों को कमीशन की दम पर सारा धन निकाले जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाशन में आया है। मगर ग्राम प्रधान बात से साफ इंकार कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बिसेन्दा में ग्राम प्रधान ने पूर्व का लगा खड़न्जा उखड़वाकर उसी जगह पर मानक बिहीन दूसरा खड़न्जा बिना मिट्टी डलवाये ब्लॉक कर्मचारियों से सांठगांठ कर पूरा पैसा निकाल लिया और सारा खड़न्जा उखड़ा पड़ा है। इस सम्बन्ध में जब प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि खड़न्जा लगवाया था। मगर मिट्टी नहीं डलवाई थी अब सोचनीय यह है कि बिना जांच कैसे पैसा निकल गया। जबकि इसी तरह धन गबन के आरोप में सकरन ब्लॉक के एक सेक्रेटरी व प्रधान पर कल ही रेउसा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। अब देखना यह है कि प्रशासन क्या कार्यवाही करता है या यूं ही कमीशन का खेल चलता रहता है।

## क्रमिक अनशन हड़ताल जारी

तम्बौर (सीतापुर)। ब्लाक.बेहटा तहसील लहरपुर थाना तम्बौर पोस्ट समौदीडीह ग्राम इब्राहिमपुरवा में आज क्रमिक अनशन हड़ताल जारी है। शासन प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं हुई है। धरने पर बैठे सभी ग्रामवासियों ने कहा ने चिंता का विषय जताते हुए कहा जबतक हमारी प्रमुख मांगे पूर्ण रूप से पूरी नहीं होगी। तब तक धरना प्रदर्शन एवं क्रमिक अनशन हड़ताल जारी रहेगी। धरने को सम्बोधित करते हुए रामकिशोर बघेल ने कहा बहुत चिंता का विषय है। यदि हमारी उक्त पूरी नहीं हुई तो मजबूर होकर चौथी बार ज्ञापन देकर लड़ाई आर.पार की लड़ेगे, समस्या गंभीर रूप से बढ़ती जा रही है।

## गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजना

हरदोई।जनपद हरदोई में उद्यान विभाग के अधीन संचालित गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत गंगा किनारे के ग्रामों यथा–कटरी बिछुईया, कटरी परसोला,कटरी छिबरामऊ,कुतुआपुर, शाहपुर पवार,मंसूरपुर तिगांवा,कटरी छोछपुर, महमूदरपुर,उमरौली हैदर, छोछपुर,तेरापुर सौली हेतु नवीन उद्यान रोपण (आम,अमरुद,आंवला, बेर,बेल,अनार,शरीफा एवं कागजी नींबू) एवं नर्सरी स्थापना कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। नवीन उद्यान रोपण के अन्तर्गत प्रति कृषक न्यूनतम 0.2 हे० एवं अधिकतम 1.0 हे०क्षे तक का लाभ ले सकता है, जिसमें प्रोत्साहन धनराशि रु० 3000 माह प्रति हेक्टेयर की दर से 03 साल तक लाभार्थी कृषक के बैंक खाते में आनलाइन ट्रांसफर की जायेगी। साथ ही निजी पौधशाला स्थापना हेतु जिसका अनुमन्य क्षेत्रफल 1.0 हे होगा एवं कुल लागत धनराशि रु 15.00 लाख प्रति हेक्टेयर है, जिसके सापेक्ष कुल लागत का 50 प्रतिशत धनराशि रु 7.50 लाख अनुदान देय होगा। लाभार्थी का चयन प्रथम आवक– प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कम्पनीबाग, हरदोई से सम्पर्क करें।

## राजवर्धन सिंह ने बारिश में ढहे घर,परिवारों की मदद

हरदोई।मिशन आत्मसंतुष्टि के राष्ट्रीय संरक्षक राजवर्धन सिंह राजू ने बेघर हो चुके ग्रामीणों की मदद का भरोसा दिलाया। लगातार हो रही बारिश से निर्धन ग्रामीणों का दर्द बढ़ा रही है। मूसलाधार बारिश से कच्चे मकान ढह रहे हैं तो उनकी मदद को कोई दूर–दूर तक दिखाई नहीं दे रहा है। एक तो पहले ही उनको प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल पाया, दूसरे बारिश ने सिर छिपाने के लिए बना कच्चा ठिकाना भी छीन लिया। बारिश से घर ढहने वाले ऐसे ही कुछ ग्रामीणों ने मिशन आत्मसंतुष्टि से मदद की गुहार लगाई। इस पर संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक राजवर्धन सिंह राजू ने त्वरित मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। यह मामला सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विकासखंड सांडी का है। यहां की ग्रामसभा श्रीमऊ निवासी हरिप्रकाश कोरी एवं ग्रामसभा मंसूरापुर निवासी बड़नकु राठौर का कच्चा घर बारिश के चलते ढह गया है। दोनों ही ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय होने के कारण वह अपने लिए एक अदद पक्का आशियाना भी नहीं बना सके। सिर छिपाने के लिए बना इकलौता कच्चा मकान भी . सुबह अचानक ढह गया। छत गिरने से मलबे के नीचे दबने से तीन बकरियों की भी मौत हो गई। हादसे में परिवारजन बाल बाल बच सके। घर पर खाने के लिए भी कुछ भी नहीं है। ग्रामसभा जिगनी चौगवां निवासी राजीव कुशवाहा के वहां भी मिट्टी का घर दो दिन से लगातार बारिश होने के कारण ढह घर गया। इन ग्रामीणों की सूचना मिलने पर तत्काल मिशन आत्मसंतुष्टि के संस्थापकध्संरक्षक राजवर्धन सिंह राजू ने उनके घर जाकर तत्काल आर्थिक मदद की। उन्होंने आगे भी हरसम्भव मदद करने का आश्वासन दिया है। मदद मिलने के बाद पीड़ित ग्रामीणों ने कहा कि सवायजपुर क्षेत्र के विकास के लिए राजवर्धन सिंह जरूरी हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान मंगरौरा देवेश शुक्ल, मोनू सिंह,आमिर मन्सूरी, अर्जुन यादव, रामकिशोर मस्ताना व आदि स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिलग्राम में लापता युवक का जंगल में मिला शव, हत्या की आशंका

बिलग्रामध्हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कटरी महादेवा में एक युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, रमोद पुत्र बाबूराम 24 वर्ष निवासी कटरी बिरछुइया बीते 13 सितंबर को घर से लापता हो गया था।घर वालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल सका। थक हार कर उसके भाई गुड्डू ने 17 सितंबर को उसकी स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। लेकिन .उसका शव गांव के ही पड़ोसी गांव कटरी महादेवा के जंगल में मिलने से सनसनी फैल गई। गांव वासियों के मुताबिक, उसका शव एक गड्ढे में मिट्टी के नीचे दबा मिला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी विशाल यादव समेत मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गये। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाये गये,जिससे हत्या की साजिश को नकारा नहीं जा सकता। फिलहाल मृतक के भाई गुड्डू की तरफ से तीन लोगों के खिलाफ उमेश निवासी दनईपुरवा रामखेलावन व शिवचरन उर्फ नंगा निवासी चिरंजूपुरवा के नामदर्ज रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

# इलाज में लापरवाही के चलते पेट में बच्चे की मौत प्रकरण की जांच शुरू

## सीएचसी अधीक्षक ने तीन डॉक्टरों की गठित की जांच कमेटी

मिल्कीपुर–अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पर लापरवाही के चलते प्रसव पीड़ित महिला के पेट में बच्चा मर जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। पीड़ित की शिकायतों के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के प्रभारी डॉ अहमद हसन किदवई ने मामले में अस्पताल के तीन चिकित्सकों की जांच कमेटी गठित कर प्रकरण की जांच शुरू करा दी है। उधर पीड़ित महिला के पति द्वारा शिकायत किए जाने के बाद सकते में आई आशा बहू और स्टाफ नर्स द्वारा मोबाइल फोन पर किए गए वार्तालाप का ऑडियो वायरल हो गया है। जिसमें वार्ता के दौरान आशा बहू द्वारा प्रसव पीड़ित महिला के ससुर को गालियां भी दी जा रही है। यही नहीं स्टाफ नर्स एवं आशा बहू द्वारा महिला के पेट में मरे हुए बच्चे का प्रसव कराने वाली दूसरी स्टाफ नर्स की भी आलोचना आरोपी स्टाफ नर्स रिशु सिंह एवं आशा बहू शीला सिंह द्वारा की जा रही है। बताते चलें कि मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत डीली गिरधर गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा द्वारा अपनी पुत्र बधु को प्रसव पीड़ा होने के उपरांत बीते अलसुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले जाया गया था जहां महिला के परिजनों द्वारा मुंह मांगी सुविधा शुल्क न दिए जाने के चलते स्टाफ नर्स रिशु सिंह द्वारा इलाज में लापरवाही की गई थी जिसके फलस्वरूप महिला करिश्मा के पेट में ही बच्चा मर गया था। इसके बाद स्टाफ नर्स रिशु सिंह ने महिला को पहले इलाज के लिए इनायत नगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाने का दबाव बनाया था। सुविधा शुल्क के नाम पर 35 सौ रुपए दिए जाने एवं प्राइवेट अस्पताल ले जाने से परिजनों द्वारा हाथ खड़ा किए जाने के बाद स्वास्थ्य कर्मी महिला ने प्रसव पीड़ित महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। मामला सीएचसी अधीक्षक के संज्ञान में पहुंचने के बाद उन्होंने दूसरी स्टाफ नर्स सुमन को मौके पर भेजकर प्रसव पीड़ित महिला के पेट में मरे शिशु का प्रसव कराया था। समूचे घटनाक्रम के बाद पीड़ित महिला के पति मुकेश कुमार ने सीएचसी अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार की थी। जिसके बाद स्टाफ नर्स रिशु सिंह और आशा बहू शीला सिंह के हाथ पांव फूल गए और दोनों ने मोबाइल फोन पर प्रकरण को लेकर वार्ता की। जिसका ऑडियो वह वायरल हो गया मोबाइल वार्ता के दौरान आशा बहू ने प्रसव पीड़ित महिला के ससुर को जमकर अपशब्द भी कहे हैं। सीएचसी अधीक्षक अहमद हसन किदवई ने बताया कि शिकायतों के बाद मामले में तीन चिकित्सकों की जांच कमेटी गठित कर दी गई है जांच कमेटी की रिपोर्ट मिलते कार्यवाही हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जाएगा।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की वर्चुअल मीटिंग

हरदोई।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्रीमती अलका पांडे द्वारा समस्त तहसील विधिक सेवा समिति हरदोई के तहसीलदार व परा विधिक स्वयंसेवकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें आजादी का अमृत महोत्सव बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। आम जनमानस को भारत के संविधान और मौलिक कर्तव्य के विषय में लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए गए साथ ही परा विधिक स्वयंसेवकों को दिनांक 17–09–2021 को विशेष आयोजन में डोर टू डोर, प्रचार वाहन व जागरूकता शिविरों में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्रीमती अलका पांडे के अतिरिक्त तहसीलदार संडीला अंबिका प्रसाद चौधरी, तहसीलदार सदर अवधेश कुमार तहसील सवायजपुर से लीगल एड क्लीनिक पीएलबी संजीव कुमार व अन्य परा विधिक स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने खराब मौसम में जिलाधिकारी से मांगा अवकाश

सीतापुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता एवं जिलामन्त्री खुश्तर रहमान खाँ ने जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्बोधित मांग पत्र द्वारा खराब मौसम में परिषदीय विद्यालयों में अवकाश कीर मांग की गई है। शिक्षक नेताओं ने कहा है कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों, जनपदों में भयंकर बारिश एवं ओलावृष्टि की सम्भावना बताई गई है। मौसम विभाग की पूर्व सूचना अनुसार प्रदेश के अन्य जनपदों सहित सीतापुर में भी भयंकर बारिश की शुरूआत हो गई है। आज विद्यालयों में उपस्थित छात्र.छात्रओं की संख्या बहुत कम है। मौसम के कारण यह स्थिति अभी एक.दो दिन बने रहने की सम्भावना है। उनका कहना है कि जनपद सीतापुर में परिषदीय विद्यालय सुदूर ग्रामीण एवं तराई क्षेत्रों तक फैले हुए हैं जहाँ यातायात के साधन दुलर्भ एवं रास्ते खराब हैं।

ऐसी स्थिति में शिक्षक.शिक्षिकाओं को प्रतिकूल मौसम में विद्यालय पहुँचने में दुरूह कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। कई शिक्षिकायें छोटे बच्चों के साथ सफ र करके विद्यालय पहुंचती है। परन्तु मौसम की खराबी के कारण स्थानीय छात्र.छात्रायें पठन.पाठन हेतु विद्यालय उपस्थित नहीं हो पाते है। सुरेन्द्र गुप्ता एवं खुश्तर रहमान खां ने उपरोक्त परिस्थितयों का संज्ञान लेकर मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के दृष्टिगत मौसम ठीक होने तक विद्यालयों में शिक्षक.शिक्षिकाओं को अवकाश प्रदान करने की मारंग की है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर,जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं०– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# डंगरी के साथ पहने ऐसे फुटवियर्स, लगेंगी बहुत खूबसूरत



डंगरी लड़कियों का पसंदीदा आउटफिट है, जिसके साथ आमतौर पर वे व्हाइट स्नीकर्स ही पहनती हैं। बेशक इससे उन्हें खूबसूरत चंकी लुक मिलता है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि हर बार सिर्फ एक ही तरह के फुटवियर पहने जाएं। अगर आप चाहें तो व्हाइट स्नीकर्स के अलावा अन्य कई तरह के फुटवियर्स पहनकर भी अपने डंगरी आउटफिट के लुक को खूबसूरत बना सकते हैं। आइए जानते हैं कि डंगरी के साथ कौन–कौन से फुटवियर्स पहने जा सकते हैं।

काले रंग की डंगरी के साथ पहनें ऐसे फुटवियर्स

काले रंग की डंगरी के साथ फुटवियर को पहनने की बात आती है तो आप अवसर के हिसाब से इसे चुनें। उदाहरण के लिए, अगर आपने शाम के समय काले रंग की डंगरी को पहनने का मन बनाया है तो इसके साथ काले रंग की सैंडल्स को पहनें। वहीं, अगर आप इस मोनोक्रोमेटिक लुक से हटकर पहनना चाहती हैं तो डंगरी के साथ ब्लॉक हील्स पहनें क्योंकि ये आपके लुक को अधिक स्टाइलिश बना सकती हैं।

नीले रंग की डंगरी के साथ इस तरह के फुटवियर्स पहनें: नीले रंग की डेनिम डंगरी अधिकतर लड़कियों की पहली पसंद है क्योंकि इसे पहनकर काफी स्टाइलिश लुक मिलता है। अगर आपके पास भी नीले रंग की डेनिम डंगरी है तो केजुअल्स के तौर पर आप इसके साथ कैनवास पंप शूज या फिर लेदर ट्रेनर शूज को पहन सकती हैं। वहीं, अगर आप एक प्रोफेशनल या हाई फैशन लुक चाहती हैं तो इसके साथ हील्स, फ्लैट सैंडल्स या ब्लॉक सैंडल्स भी पहने जा सकते हैं।

सफेद रंग की डंगरी के साथ पहनें ये फुटवियर्स

सफेद रंग की डंगरी से क्लासी लुक मिलता है, इसलिए इसे केजुअल्स से लेकर पार्टीज जैसे कई अवसरों में पहना जा सकता है। वहीं, इसके साथ पहने जाने वाले फुटवियर्स की बात करें तो आप थोड़ी एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं। मसलन, अगर आप किसी पार्टी में जा रही हैं तो आप डंगरी के साथ सफेद रंग की सैंडल्स को पहन सकती हैं। वहीं, व्हाइट डांगरी लुक में रंग शामिल करने के लिए आप ब्लॉक्ड कलर हील्स को पहन सकती हैं। खाकी रंग की डंगरी के साथ जचेंगे ये फुटवियर्स: खाकी डंगरी भी लड़कियों के लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं और आप व्हाइट स्नीकर्स को पूरी तरह से स्किप कर सकती हैं। इसकी बजाय आप पार्टी लुक में टैन हील्स सैंडल्स को पहन सकती हैं। वहीं, केजुअल लुक में टैन लोफर्स या म्यूल्स को भी पहना जा सकता है। आप चाहें तो खाकी रंग की डांगरी में पहने जाने वाली टी–शर्ट से मैचिंग फुटवियर्स के विकल्प भी चुन सकती हैं।

## बिग बॉस 15 में नजर आएंगी डोनल बिष्ट?

सलमान खान, शबिग बॉस 15य के साथ 3 अक्टूबर से टीवी पर लौट रहे हैं। इस सीजन के लिए जहां कुछ सिलेब्रिटीज का



नाम फाइनल किए जाने की चर्चा है, वहीं कुछ को अभी अप्रोच किया जा रहा है। हाल ही खबर आई थी कि मेकर्स ने टीना दत्ता, मानव गोहिल, सिंबा नागपाल और रीम शेख को अप्रोच किया गया है। वहीं अब ऐसी चर्चा है कि टीवी ऐक्ट्रेस डोनल बिष्ट भी शबिग बॉसय के घर में एंट्री करेंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डोनल बिष्ट, सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो शबिग बॉस 15य में एंट्री करने के लिए तैयार हैं। यह उनका पहला रियलिटी शो होगा। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

बता दें कि पिछले साल भी ऐसी खबरें आई थीं कि डोनल बिष्ट को शबिग बॉसय के 14वें सीजन के लिए अप्रोच किया गया है, लेकिन ऐक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में उसका खंडन कर दिया था। तब डोनल ने कहा था कि उन्हें शबिग बॉसय ऑफर नहीं हुआ है, लेकिन वह इस शो का हिस्सा जरूर बनना चाहेंगी। डोनल बिष्ट रूपरू मर्द का नया स्वरूप, दिल तो हैपी है जी, लाल इश्क और एक दीवाना था जैसे टीवी शोज में काम कर चुकी हैं और सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस 15 के अब तक जिन सिलेब्रिटीज का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है करन कुंद्रा, अफसाना खान और अमित टंडन का भी नाम भी बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इन्हें 15वें सीजन के लिए फाइनल कर लिया गया है।




## मेरी फिल्मों को सो–कॉल्ड इनसाइडर्स ने कभी एक्सेप्ट नहीं किया: तापसी



बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने कहा कि, फिल्म इंडस्ट्री में श्इनसाइडर्सय ने उन्हें कभी तवज्जो नहीं दी और वह उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करती हैं। तापसी ने साल की शुरूआत में अपना प्रोडक्शन बैनर श्आउटसाइडर्स फिल्म्सय लॉन्च किया था। पिछले साल सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद फिल्म इंडस्ट्री में श्इनसाइडर्स– आउटसाइडर्स बहसय छिड़ गई थी। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू ने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर होने के कारण कोई एक्टर–आर्टिस्ट किसी भी तरह से इंसाइडर से कम होता है। तापसी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि, मैंने कभी भी आउटसाइडर को इनसाइडर से कम नहीं देखा है। इंडस्ट्री में इंसाइडर या आउटसाइडर होने से सक्सेस की गारंटी नहीं है। मेरी ऑडियंस मुझे सक्सेसफुल बनाएगी। अब तक, मेरी फिल्में, जो भी काम करती हैं, ऑडियंस की वजह से हैं, और इसलिए नहीं कि सो–कॉल्ड इनसाइडर ने इसे एप्रूवल दिया है। नहीं, उन्होंने नहीं दिया और वह अभी भी नहीं देते हैं। ऐसा नहीं है कि मैं भी उनसे इसकी उम्मीद करती हूं, क्योंकि मैं यहां अपने की वजह से पहुंची हूं। ऑडियंस ने जाकर मेरी फिल्मों के टिकट खरीदे और उसे हिट बना दिया। जब लगेगा तब श्ग्रेसफुल एक्जिटय ले लूंगी: आगे बात करते हुए कहती हैं कि, रियल में इनसाइडर बनने की आवश्यकता महसूस नहीं करती हैं, यही वजह है कि मैंने अपने प्रोडक्शन हाउस का नाम श्आउटसाइडर्स फिल्म्सय रखा, क्योंकि वह इस शब्द के आसपास के नेगेटिव मीनिंग्स को दूर करना चाहती हैं। तापसी ने यह भी कहा कि वह तब तक काम करना चाहेंगी जब तक ऑडियंस साथ रहेगी, और अगर मुझे लगेगा कि उन्होने मेरी फिल्मों का स्वागत करना बंद कर दिया है, तो मैं श्ग्रेसफुल एक्जिटय ले लूंगी। तापसी ने हाल ही में लॉन्च किए अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत फिल्म श्ब्लरय प्रोड्यूस की है। उनकी आखिरी फिल्म नेटफ्लिक्स की हसीन दिलरुबा थी, और अब फिल्म श्एनाबेले सेतुपतिय में दिखाई देंगी।

## सालों बाद अमिताभ के साथ काम करेंगे डैनी, सारिका भी कर रही हैं ऊंचाई से कमबैक



सूरज बडजात्या की आगामी फिल्म श्ऊंचाईय की कास्ट में अमिताभ बच्चन, बोमन ईरानी और परिणीति चोपड़ा के साथ अब इंडस्ट्री के दो दिग्गज कलाकारों का नाम और जुड़ गया है. इस फिल्म के जरिए डैनी डेन्जोंगपा सालों बाद अमिताभ बच्चन के साथ काम करने जा रहे हैं. डैनी के अलावा फिल्म से अभिनेत्री सारिका का नाम भी जुड़ा है, जो लंबे समय के बाद फिल्मी पर्दे पर अपना कमबैक करने की तैयारी में हैं. हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं जैसी क्लासिक और पारिवारिक फिल्में बनाने वाले फिल्मकार सूरज बडजात्या निर्देशक के तौर पर अपनी सातवीं फिल्म ऊंचाई की तैयारियों में जुटे हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, अमिताभ बच्चन, परिणीति चोपड़ा, अनुपम खेर और बोमन ईरानी के साथ फिल्म ऊंचाई में सारिका और डैनी डेन्जोंगपा भी नजर आएंगे. फिल्म की शूटिंग इस साल अक्टूबर में शुरू होगी. शूटिंग के शुरुआती 40 दिन के लिए शूटिंग लोकेशन को नेपाल में रखा गया है. सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यह फिल्म चार दोस्तों की जिंदगी की एक प्यारी सी खूबसूरत कहानी पर आधारित होगी. इन दोस्तों की उम्र 60 से ऊपर दर्शायी जाएगी. ये चार दोस्त होंगे– अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, डैनी डेन्जोंगपा और बोमन ईरानी. सारिका और परिणीति के अलावा फिल्म के फीमेल किरदारों में नीना गुप्ता भी शामिल हैं. नेपाल के शूटिंग शेड्यूल के बाद मुंबई और दिल्ली में शॉर्ट शेड्यूल रखा जाएगा और फिर इस फिल्म की शूटिंग को फाइनल टच दिया जाएगा. फिल्म को पांच महीने की अवधि में शूट किया जाएगा और मार्च 2022 तक इसका काम पूरा होने की उम्मीद है. फिल्म श्ऊंचाईय के बाद, सूरज अपने मैरिज ड्रामा प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, जिसमें सलमान खान नजर आने वाले हैं. यह एक लव स्टोरी होगी. माना जा रहा है कि इस फिल्म में भी सलमान खान का नाम प्रेम हो सकता है. इस फिल्म को सूरज बडजात्या ने लॉकडाउन के दौरान लिखा था, लेकिन वह इस कॉन्सेप्ट पर पिछले पांच साल से विचार कर रहे थे. उम्मीद है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है. जबसे इस फिल्म को लेकर खबरें सामने आई हैं, तबसे ही इस फिल्म को लेकर सलमान खान के फैंस में उत्सुकता देखने को मिल रही है.

# कान की बदबू को दूर करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



कान से आने वाली बदबू आपको लोगों के सामने शर्मिंदा कर सकती है। आमतौर पर यह समस्या कान की ठीक से सफाई न करने, फुंसी निकलने, इंफेक्शन होने या फिर कान में मैल जमने आदि के कारण उत्पन्न होती है। खैर, वजह चाहें जो भी हो, आज हम आपको कुछ ऐसे असरदार घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर कान से आने वाली बदूब को जल्दी दूर किया जा सकता है।

बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

कान की बदबू को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए दो चम्मच पानी में थोड़ा बेकिंग सोडा मिलाकर पतला घोल बनाएं। अब इस घोल की कुछ बूंदे अपने कान में डालकर एक से दो मिनट के लिए रूके। इसके बाद कान को जमीन की तरफ झुकाएं ताकि बेकिंग सोडा का घोल निकल जाए। इससे आपके कान से बदबू दूर हो जाएगी और मैल भी साफ हो जाएगी।

सेब का सिरका है प्रभावी

अगर मैल जमा होने के कारण आपके कान से बदबू आ रही है तो आप उसे सेब के सिरके से दूर कर सकते हैं। दरअसल, सेब के सिरके में एसिडिक गुण होते हैं, जो कान में मौजूद को फुलाकर बाहर कर देता है। समस्या से राहत पाने के लिए पहले एक कटोरी दो चम्मच डिस्टिल्ड वाटर और आधी चम्मच सेब का सिरका अच्छे से मिलाएं। अब इसे कान में डालकर दो मिनट रूकें, फिर ईयरबड से कान को साफ करें।

लहसुन आएगा काम

लहसुन में एंटी–फंगल और एंटी–बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो इंफेक्शन से राहत दिलाकर कान की बदबू को दूर कर सकते हैं। इसके लिए पहले नारियल के तेल में लहसुन की कुछ कलियों को डालकर गर्म करें, फिर इसे ठंडा होने दें। जब यह ठंडा हो जाए तो इयरबड की मदद से कान में यह तेल लगाएं। ऐसा लगातार कुछ दिनों तक करते रहने से कान से आने वाली बदबू छूमंतर हो जाएगी।

जैतून का तेल भी है मददगार

कान से बदबू दूर करने के लिए जैतून के तेल का इस्तेमाल सबसे प्रभावी घरेलू उपचारों में से एक है। लाभ के लिए पहले जैतून के तेल को हल्का गर्म कर लें। इसके बाद इसे बदबू से प्रभावित कान में इयरबड की मदद से धीरे–धीरे लगाएं। ध्यान रखें कि तेल अधिक गर्म नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे कान के परदे को नुकसान पहुंच सकता है, इसलिए तेल को बिल्कुल हल्का ही गर्म करें।